CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 14 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातकः मायावती

पेज 2



लार्ड्स टेस्टः इंग्लैंड ने भारत को दिया 193 रनों का टारगेट

खेल टाइम्स



फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी

सम्पादकीय



इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

पेज 12

## निकम व श्रृंगला सहित चार सदस्य राज्यसभा के लिए मनोनीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों की चार विशिष्ट हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है, जिनमें जाने माने वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर और जानी-मानी इतिहासकार तथा शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए चार सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और उनकी कूटनीति तथा रणनीतिक मामलों में विशेष पहचान है। देश की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मामलों में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रख्यात सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में ठोस दलीलें देकर अपनी विशेष पहचान बनाई। उन्हें वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब के मामले में मजबूती के साथ सरकार का पक्ष रखने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में भी सरकारी वकील के रूप में राज्य सरकार का पक्ष रखा था। सदानंदन -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्री उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी. सदानन्द मास्टर और डा. मीनाक्षी जैन का राज्यसभा के लिए मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो

■ प्लेन में 23 सेकंड तक मचा हड़कंप, दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था विमान

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे।

फ्लाइट एसजी-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं। अर्जिमंद हुसैन नाम के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया।

### मानसून सत्र की रणनीति पर सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, श्रीमती गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलाई गई इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है। इसके अलावा, वह बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भी सरकार को घेर रही है। सूत्रों का कहना है कि इन सब मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पार्टी महंगाई, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर भी सरकार को घेरेगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण: इंदौर समेत 15 शहर सुपर लीग में

**नई दिल्ली।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे 15 शहरों को स्वच्छता सुपर लीग में रखा गया है। पहले इसमें दो साल टॉप-3 में रहे शहर शामिल होते थे, अब अवधि बढ़ाकर तीन साल कर दी गई है। इस लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं होती, लेकिन इन्हें 12,500 अंकों की स्कीम के तहत अंक मिलेंगे। इससे अन्य शहरों को टॉप रैंक पाने का ज्यादा मौका मिलेगा। सर्वे कमेटी में शामिल सूत्रों का कहना है कि स्वच्छता में इस बार अहमदाबाद पहले नंबर पर रह सकता है। वहीं, भोपाल दूसरा और लखनऊ तीसरा स्थान हासिल कर सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार देंगी।

### पत्थर खनन से जुड़े मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रिपोर्ट दे: एनजीटी

**नई दिल्ली/शिमला।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की मुख्य पीठ ने पत्थर खनन से जुड़े मामलों को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। न्यायाधिकरण ने ये निर्देश दिव्य हिमाचल में 13 मई, 2024 को प्रकाशित 'खनन माफिया ने बुनियादी ढांचे को खोखला कर दिया है' शीर्षक वाली एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया। इस मामले पर एक जुलाई 2025 को सुनवाई हुई, जिसमें एनजीटी ने बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में अंधाधुंध खनन गतिविधियों के बढ़ते आरोपों पर चिंता व्यक्त की। न्यायाधिकरण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई स्टोन क्रशर चल रहे हैं, जिसमें से कई अप्रमाणित खनन स्थलों से कच्चा माल प्राप्त कर रहे हैं।

# देशभर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

## चुनाव आयोग की तैयारियां पूरी, पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है।

अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है। ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी -शेष पृष्ठ दो पर



**ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव की, अगस्त में हो सकती है शुरुआत, कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ**

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

# चेतावनी के बावजूद उड़ा ड्रीमलाइनर

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला**

**एक गंभीर चूक आई सामने, विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल होने का था अलर्ट, सरकार ने कहा: अभी नतीजे न निकालें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 12 जून 2025 को एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट (बोइंग एआई-171) हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शुक्रवार रात करीब ढाई बजे जारी की गई। इसमें एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसके केंद्र में है एक चेतावनी यानी विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल हो सकता है।

यह तकनीकी अलर्ट विमान की पिछली उड़ान (दिल्ली-अहमदाबाद) के ठीक बाद पायलट द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद महज एक घंटे में फिर से इस विमान को उड़ान के लिए क्लियर कर दिया गया। यह बताता है कि विमान का हॉरिजेंटल स्टेबलाइजर (पिच बैलेंस बनाने वाला पिछला पंख) किस स्थिति में है। यदि यह डेटा सही न मिले, तो ऑटोपायलट, पिच कंट्रोल और स्टाल प्रोटेक्शन जैसी अहम प्रणालियां गलत कमांड देने लगती हैं - शेष पृष्ठ दो पर



### पायलटों को जल्दबाजी में दोषी बताया

**नई दिल्ली।** एविएशन एक्सपर्ट सनत कौल ने एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट ठीक नहीं लग रही है। इसमें जरूरी हस्ताक्षर भी नहीं हैं, जबकि यह जरूरी होता है। कौल का कहना है कि इस जांच टीम में ऐसे पायलट को शामिल किया जाना चाहिए, जिसे बोइंग 787 या कम से कम 737 विमान की पूरी समझ हो।

### टेकऑफ से पहले विमान के कॉकपिट में आई तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी आ गई।

इससे विमान को रनवे से वापस लौटाया गया तथा जांच-पड़ताल के बाद विमान को अंतत: कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट में 150 यात्री थे। सूत्र बताते हैं कि कॉकपिट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आने से ऐसा किया गया। अहमदाबाद में एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के हादसे के शिकार होने के बाद विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। खासतौर पर एयर इंडिया की सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

## यूपी में बारिश व बिजली गिरने से 14 की मौत

■ बिहार-झारखंड में तीन की जान गई, एमपी में नदियां उफान पर

**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं। झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे।

### ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाने को डिब्बों तथा ईंजनों में लगाए जाएंगे कैमरे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाए जाएंगे।

## मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जलकर राख

तिरुवल्लूर, वार्ता

■ तमिलनाडु का मामला: 52 बोगियों में डीजल भरा था, 40 अलग की गई

**तमिलनाडु** के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी।

बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम. प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

### महाराष्ट्र में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पीटा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने एक ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी। ऑटो ड्राइवर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह चिल्लाते हुए कह रहा है कि हिंदी और भोजपुरी में बोलूंगा, क्या करोंगे। मैं मराठी नहीं बोलता। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ा और कान पकड़कर मराठी में माफी मंगवाई।

# मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही बेमानी

## हाईकोर्ट ने सम्भल के जौहर अली व 6 अन्य लोगों पर चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही की रद्द

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने कहा कि मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक है।

इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है। लिहाजा, अदालत ऐसे मुकदमों को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकती। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत ने सम्भल के जौहर अली और छह अन्य लोगों के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला सम्भल के नखास थाना क्षेत्र का है। 2019 में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से आरोपी बरी हो गए। इसके बावजूद सभी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए याचियों के खिलाफ लंबित गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को उस आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है, तो कार्यवाही भी जारी नहीं रखी जा सकती।



■ कहा: इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है

## अंतरिक्ष से शुभांशु बोले- भारत आज भी सारे जहां से अच्छा

■ फेयरवेल सेरेमनी में पहले भारतीय एस्ट्रोनॉट राकेश शर्मा की बात दोहराई, आज धरती पर वापसी

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में 17 दिन रहने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर वापस लौटेंगे। इससे पहले 13 जुलाई की शाम फेयरवेल सेरेमनी में उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में दिए आइकॉनिक डायलॉग को दोहराते हुए कहा कि भारत आज भी सारे जहां से अच्छा है।

शुभांशु ने कहा जब मैंने 25 जून को फॉल्कन 9 रॉकेट ये यात्रा शुरू की थी, तब नहीं सोचा था कि यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय रहेगी। मेरे पीछे खड़ी टीम के बिना यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय नहीं होती। यहां होना बहुत खुशी की बात है। बीते ढाई हफ्ते में हमने स्पेस स्टेशन पर साइंस एक्टिविटी की, आउटरीच एक्टिवटी की, इसके बाद जितना भी समय मिला हमने स्पेस स्टेशन की खिड़की से धरती को निहारा।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 लाख का सोना मुंह में भरकर कारीगर हुआ चंपत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में ज्वेलरी की दुकान में काम करने वाला कारीगर सोना लेकर भाग गया। कारीगर अपने मुंह में 150 ग्राम सोना भरकर भाग गया। कारीगर जो 150 ग्राम सोना लेकर भागा उसकी कीमत 15 लाख रुपए है। आरोपी द्वारा चोरी की ए पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ज्वेलर का नाम शुभांकर सामन्ता है। उनकी चौक सराफा स्थित गर्ग मार्केट में ज्वेलरी शॉप है। आरोपी कारीगर का नाम सुजीत सामन्ता है। वो पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर का रहने वाला है। ये घटना 9 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ज्वेलर आरोपी के घर गए, लेकिन वो नहीं मिला। उसका फोन भी बंद मिला। फिर पीड़ित ज्वेलर शुभांकर ने 12 जुलाई को कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### श्रीलंका की नौसेना ने सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करके मछली पकड़ने का आरोप लगाकर तमिलनाडु के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके ट्रॉलर भी जब्त कर लिए हैं। रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले ए मछुआरे शनिवार को मछली पकड़ने निकले थे, तभी उन्हें ट्रॉलर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई ले जाया गया और जेल में बंद कर दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना के जवानों द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं ने मछुआरा समुदाय में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है और वे चाहते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें ठोस कदम उठाएं।

# लकड़ी-ईंट के व्यापार में 1300 करोड़ का फर्जी लेन-देन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया, मुरादाबाद में जीएसटी चोरी का पर्दाफाश, 95 फर्मों पर एक्शन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में राज्य कर विभाग को 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने का शक हुआ, जिसके चलते 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। इससे पहले 53 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है।

ऐसे में चार महीनों में टोटल 95 फर्मों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह कार्रवाई मुरादाबाद में फर्जी फर्मों के खिलाफ चलाए जा रहे एक बड़े अभियान का हिस्सा है। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और राज्य कर विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान को और तेज कर दिया है। लकड़ी के व्यापार से जुड़ी इन फर्जी फर्मों ने कागजी कार्रवाई और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी किया था। विभाग अब ऐसी फर्मों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स और फील्ड जांच का सहारा ले रहा है। इस कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व की हानि को रोका जा रहा है। बल्कि ईमानदार व्यापारियों के लिए भी निष्पक्ष माहौल तैयार किया जा रहा है। राज्य कर विभाग की जांच में मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों-मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल और बिजनौर में लकड़ी के व्यापार से जुड़ी 128 फर्जी फर्मों का पता चला है। जांच में खुलासा हुआ कि इन फर्मों ने 1300 करोड़ रुपए का फर्जी लेन-देन दिखाया गया, जिसके जरिए करीब 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की संभावना जताई जा रही है। इस मामले की निगरानी प्रदेश के प्रमुख सचिव खुद कर रहे हैं। अपर आयुक्त (ग्रेड-2) आरए सेठ ने 50 अन्य फर्मों की भौतिक जांच चल रही है। जांच अधिकारी इन फर्मों के रजिस्टर्ड पते और कारोबारी एक्टिविटी की सत्यता की पड़ताल कर रहे हैं। जांच पूरी होने पर ही यह साफ होगा कि कितनी फर्म वैध हैं और कितनी फर्जी हैं। अब तक 95 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है। जीएसटी चोरी के करने के खिलाफ अभियान सिर्फ लकड़ी के व्यापार तक सीमित नहीं है। राज्य कर विभाग ने ईंट भट्ठा उद्योग पर भी कड़ा रुख अपनाया है। मुरादाबाद हाईवे पर जांच के दौरान ईंटों से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। अपर आयुक्त आरए सेठ ने बताया कि ए ईंटें सम्भल से मुरादाबाद लाई जा रही थीं। मोबाइल दस्ते ने अब तक 100 से ज्यादा ऐसी ट्रॉलियों को पकड़ा है, जो बिना दस्तावेजों के ईंटों का परिवहन कर रही थीं। विभाग की जांच में सामने आया है कि कारोबारी जीएसटी चोरी और रिफंड हड़पने के लिए नई-नई चालें चल रहे हैं। कुछ कारोबारियों के पकड़े जाने पर उनकी तरकीबों का खुलासा हुआ, जिसके आधार पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

# कांवड़ यात्रा में 10000 महिला पुलिसकर्मी मुस्तैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ महिलाओं की सुरक्षा को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की पवित्र तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है और महिलाओं की सुरक्षा को अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया है।

अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार यात्रा मार्ग पर 8,541 हेड कांस्टेबल और 1,486 सब-इंस्पेक्टर सहित 10,000 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो कुल बल का लगभग 15 प्रतिशत है। हाल ही में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यात्रा में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अनुमानित 60-70 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने महिला-केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने का निर्देश दिया। इस मॉडल के तहत, संवेदनशील परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की सहायता और परामर्श के लिए सभी महिला हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त महिला तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है, जिसमें रात्रिकालीन शिफ्ट भी शामिल हैं। प्रमुख मार्गों पर क्यूआरटी गश्त बढ़ा दी गई है और महिला अधिकारी अब 11 क्षेत्रों में विशेष 24 घंटे नियंत्रण कक्षों और हेल्पलाइनों की निगरानी कर रही हैं। यात्रा के एक महत्वपूर्ण केंद्र, मेरठ क्षेत्र में सबसे अधिक तैनाती देखी गई है जहां मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे जिलों में 3,200 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा सुप्रीमो ने कहा: केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है, जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है। सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहिए।

## मनमानी करोगे, तो तुम्हें ठीक कर देंगे, जिसे जो बताना है बता देना

# भाजपा विधायक ने एसडीएम को धमकाया!

बांदा, वार्ता

■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, एसडीएम रजत वर्मा ने कहा: उनसे गलत बर्ताव किया जा रहा



उत्तर प्रदेश के बांदा सदर से भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमे वो एसडीएम बबेरू को लपेटते नजर आ रहे हैं।

विधायक ने फोन पर एसडीएम को धमकी देते हुए कहा कि मनमानी करोगे, तो आकर तुम्हें ठीक कर देंगे। जिसे जो बताना है बता देना। वहीं एसडीएम रजत वर्मा का कहना है कि उनके साथ गलत बर्ताव किया जा रहा है। पूरा मामला बांदा जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सहकारी समिति से सामने आया है। जहां दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे के घर पर बुलडोजर चला दिया गया। दावा किया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के दबाव में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। अब इस मामले में विधायक के सामने आने से विवाद गहरा गया है। विधायक प्रकाश द्विवेदी और एसडीएम रजत वर्मा आमने-सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक बांदा में विकलांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे का घरएसडीएम रजत वर्मा ने 4 जेसीबी से गिरवा दिया। दावा किया जा रहा हा कि कार्यकर्ता के घर पर बिना नोटिस यह एक्शन लिया गया। इस मामले में पीड़ित राजेंद्र पांडे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के पास पहुंचा। उन्होंने विधायक को बताया कि एसडीएम ने चार-चार जेसीबी लगाकर उनके घर को अचानक गिरा दिया। मकान गिराए जाने से पहले उन्हें कोई नोटिस दिया गया। उनका कहना है कि बिना किसी कानूनी सूचना के उनके घर पर बुलडोजर चला दिया गया। पीड़ित राजेंद्र पांडे का कहना है कि भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल की शह पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इनकी नजर हमारी जमीन पर है। जिसके बाद विधायक प्रकाश द्विवेदी गुस्से में आ गए। उन्होंने बबेरू एसडीएम रजत वर्मा को फोन किया और पीड़ित का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि वो गलत आरोप नहीं लगा रहे हैं सच बात कह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम एक बार अनुरोध करेंगे। अगर इसके बाद भी आप मनमानी करेंगे, तो हम आकर के ठीक कर देंगे। विधायक ने एसडीएम से ए भी कहा कि आप सरकार की मंशा से अनुरूप काम करिए। मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जिसकी शह पर आपने ये कार्रवाई की है वो सभी नपेंगे।

## फिर चर्चा में आई एसडीएम ज्योति मौर्या, अब पति पहुंचा हाईकोर्ट

**बरेली।** दो साल पहले बरेली जिले में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच हुई विवाद ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं ए मामला एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या जोकि, चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है और अपनी बीबी से गुजारा भत्ता दिलाने की मांग की है। पति आलोक मौर्या की याचिका पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने ज्योति मौर्या को नोटिस जारी किया है। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई अगले महीने की 8 तारीख को होनी है। दरअसल आलोक मौर्या ने अपनी पत्नी ज्योति मौर्या पर होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक आलोक और ज्योति 2010 में शादी के बंधन में बधे थे। इसके बाद ज्योति ने पढ़ाई-लिखाई और पीसीएस की तैयारी की थी।



सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# ट्रम्प के व्यापार शुल्क संबंधी फैसलों से रुपया और अन्य मुद्राएं दबाव में आईं

**नई दिल्ली।** देश के वृहद आर्थिक संकेतों की मजबूती और मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद वैश्विक बजाार की अनिश्चिताओं के बीच बीते समाप्त अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए पर लगातार दबाव बना रहा और यह आलोच्य सप्ताह के दौरान कुल मिला कर 46.30 रुपए कमजोर रहा।

बाजार में इस समय अमेरिका में आयात शुल्क के निर्णयों से अनिश्चिता बढ़ गई है और कारोबारियों को भारत.अमेरिका व्यापार समझौते पर घोषणा की प्रतीक्षा है। जुलाई में स्थानीय शेयर बाजारों की कुल मिला कर बिकवाली बने रहने का भी रुपए पर असर पड़ा है। अमेरिका में आयात शुल्क दरों पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सप्ताह के दौरान की गई घोषणाओं से बाजार सहमे हुए हैं। इस बीच विश्व की प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा है। सप्ताह के दौरान जापानी एन,



कनाडाई डालर और यूरो अमेरिकी डॉलर के समक्ष नीचे आ गए थे। ब्रिटेन का पौंड वहां की अर्थव्यवस्था में मई में संकुचन की रिपोर्ट के बाद दो सप्ताह के अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। ट्रम्प सरकार की नीतियों से बिटकायन जैसी डिजिटल मुद्राओं का बाजार गरम है। बाजार को लगता है कि ऐसी मुद्राओं के कारोबार को आने वाले समय में मजबूत वैधानिक मान्यता मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप सरकार के निकट के लोगों की एक कंपनी ने हाल में पाकिस्तान में डिजिटल करेंसी और ब्लाक चेन प्रौद्योगिकी का एक करार किया है1 अमेरिका का व्यापार घाटा कम करने तथा घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के अपनी लक्ष्यों के तहत ट्रम्प ने बांग्लादेश, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर समेत करीब 15 देशों पर ऊंची दर से प्रशुल्कों की घोषणा की, जो पहली अगस्त से लागू किए जाएंगे। उन्होंने कनाडा के खिलाफ 35 प्रतिशत और ब्राजील के खिलाफ राजनीतिक कारणों से 50 प्रतिशत का शुल्क घोषित कर दिया है। सप्ताह मैक्सिको और यूरोपीय संघ पर 30 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने के ट्रम्प के ताजा फैसले से इस सप्ताह भी फारेक्स बाजार प्रभावित हो सकते हैं। यूरोपीय संघ और मैक्सिको ने अमेरिका के फैसले को अनुचित बताया है और इस पर बातचीत करने की अपनी मंशा दोहराते हुए जवाबी कार्रवाई का भी संकेत दिया है।

## शेयर बाजार के लिए 15 जुलाई की तारीख अहम

**मुंबई।** शेयर बाजार के लिए कल से शुरू होने वाले हफ्ते में 15 जुलाई की तारीख अहम होने वाली है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हरशुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को हाई-अलर्ट पर रहना चाहिए। वहीं उन्होंने अपनी वीकली मार्केट रिपोर्ट में कुछ खास समय और स्तर बताए हैं। इसके अलावा रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़े, पहली तिमाही के कंपनियों के नतीजे से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। निफ्टी के अहम स्तर सपोर्ट जोन-सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

# निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे का इंतजार

नई दिल्ली, वार्ता

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के कारण बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट तेज हो गई। निवेशकों को अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संतुलित परिणाम की प्रतीक्षा है। वे फिलहाल किनारे रह कर कुछ चुनिंदा लिवाली करना बेहतर मान रहे हैं।

सप्ताह के दौरान तिमाही परिणामों का सीजन आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से शुरू हुआ, जिसमें बाजार को वैश्विक मांग में नरमी का संकेत दिखा है। सप्ताहांत यूरोपीय संघ और मैक्सिको के खिलाफ अमेरिका में 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा का इस सप्ताह बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारत में मुद्रास्फीति नीचे आने और ब्याज दर में नरमी से निवेशकों का बाजार में विश्वास बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की व्यापार नीति से व्याप्त अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाओं के बीच मांग में कमी के कारण फिलहाल निवेश किनारे पर ही रहना बेहतर मान रहे हैं। पिछले कुछ महीनों तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से अच्छे प्रवाह के बाद जुलाई में अब तक उनका निवेश कुल मिलाकर कम हुआ है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्ज के अनुसार स्थिर मैक्रो संकेतक और घटती मुद्रास्फीति तेजी की धारणा को बढ़ावा दे रही है, हालांकि वैश्विक संकेत (जैसे, अमेरिकी चुनाव, ब्याज दरों पर निर्णय) अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। फर्म के अनुसार निवेशक चुनिंदा खरीदारी की ओर झुके हैं और उचित मूल्य निर्धारण और स्पष्ट वृद्धि की संभावना वाले आईपीओ को पसंद कर रहे हैं। फिर भी बाजार में फार्मा, औद्योगिक और विशिष्ट उपभोक्ता वस्तु वर्ग के शेयर बेहतर चल रहे हैं, जबकि रियल एस्टेट और फिनटेक क्षेत्र में मंदी बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**निकम व...**

मास्टर को केरल में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशेष कार्यों के लिए जाना जाता है। उन्हें वंचित वर्गों के लोगों के साथ-साथ अनुसूचित जातियों और जनजातियों के बीच शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले उनके कार्यों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। जानी मानी इतिहासकार डा. जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में निर्वाचित सदस्यों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले 12 व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

**देशभर में...**

कर दिया है। दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था। बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। ईसी अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। ईसी अफसरों के मुताबिक एक अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितम्बर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फार्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

**चेतावनी के...**

विशेषकर टेकऑफ और शुरुआती चढ़ाई जैसे क्रिटिकल चरणों में। पायलट ने सुबह 11:17 बजे यह अलर्ट दिया था और 12:40 बजे विमान को उड़ान की मंजूरी दे दी गई। दोपहर 1:38 बजे यही विमान लंदन के लिए टेकऑफ करता है और महज 30 सेकंड बाद दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। रिपोर्ट को लेकर सरकार ने कहा है कि इस पर स्टडी की जा रही है। अभी कोई निष्कर्ष न निकालें।

# जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नजरबंद किया गया

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया। ये लोग वर्ष1931 में तत्काकलीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं।

श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अलोकतांत्रिक' बताया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है, जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं, जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है।वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1931 में जान कुर्बान करने वालों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है।

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार को यहां बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 286 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि आज सुबह 7049 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। इनमें से 4148 तीर्थयात्री पहलगाम और 2891 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# सीकरी मे कैंसर ने पसारे पाँव, दर्जनों की मौत के बाद दहशत

■ गांव देहात में घूम रहे गंभीर बीमारी के चक्र ने बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आधी सदी पूर्व महानगरों के प्रदूषित वातावरण मे पनपने वाली कैंसर की बीमारी छोटे शहरों के बाद गांव देहात की ओर बढ़ रही है। गांव देहात मे कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।

गांव सीकरी मे कैंसर पीड़ित दर्जनों व्यक्तियों की मौत के बाद गांव मे दहशत बढ़ रही है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव सीकरी के पूर्व प्रधान पति इरफान अली उर्फ अप्पी ने जानकारी देकर बताया की बीते कुछ माह मे गांव मे कैंसर के मरीजो की संख्या मे तेजी से इजाफा हुआ है। उदर कैंसर, मुंह का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय के कैंसर से पीड़ित अनेक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। जिसमें फरमाना पत्नी मौसम अली 38 वर्ष, बदरूजजमा पुत्र सईद 57 वर्ष, कामू पुत्र नजीर 55 वर्ष, इरशाद पुत्र इशाक 62 वर्ष, शादाब पुत्र नफीस 58 वर्ष, राहत अली पुत्र अजमत अली 32 वर्ष, बुशरा 35 वर्ष, सहन्द्र सिंह 40 वर्ष, काजी गुलफाम 45 वर्ष व रोशन पुत्र बलदेव,सकीना पत्नी तराबू, अशरफ पुत्र शरीफ, राजेश कुमार पुत्र सतपाल, दीप चंद पुत्र बखतु, सतपाल पुत्र हिरदया, धर्म सिंह पुत्र बलजीत की कैंसर से मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई व्यक्ति अस्पताल मे उपचाररत है। लगभग दस हजार की आबादी वाले गांव सीकरी मे कैंसर से हो रही मौत को लेकर ग्रामीणों मे दहशत व्याप्त है। वहीं दस वर्ष पूर्व गांव जौली मे सेंकड़ो व्यक्ति कैंसर की बीमारी मे जान गवाएं थे। साथ आठ वर्ष पूर्व गांव छछरौली व कस्बा भोकरहेड़ी मे भी दर्जनों व्यक्तियों की मौत कैंसर की बीमारी से हुई थी। गांव देहात मे घूमने वाले कैंसर का घातक चक्र चिंता पैदा किये हुए है।

# एक्टिवा सवार की टक्कर के बाद हाईवे पर हंगामा

## अलग-अलग घटनाओं के बाद पुलिस ने संभाली स्थिति, वहलना कट पर आक्रोशित बस चालक को समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर दो अलग-अलग घटनाओं के चलते हंगामे और तनाव की स्थिति बन गई। एक ओर वहलना कट के पास एक बस चालक ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाकर सड़क पर ही अपनी बस थाम कर यातायात व्यवस्था जाम कर दी, वहीं दूसरी ओर सिसौना बाइपास पर एक एक्टिवा सवार द्वारा शिव भक्त की कांवड़ खंडित किए जाने से कांवड़िए भड़क उठे और उन्होंने हंगामा करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। दोनों मामलों की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प नजर आया और मौके पर पहुंचकर अफसरों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत किया।

कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात पर पाबंदी लगी है। इसी बीच कांवड़ मार्ग पर दिल्ली देहरादून हाईवे की एक साइड सड़क पर शनिवार रात वहलना कट के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बस चालक ने अपनी बस बीच हाईवे पर खड़ी कर दी और खुद भी सड़क पर धरना देकर बैठ गया। इससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया, जिससे अफसरों में हड़कम्प नजर आया। यहां पहुंचे पुलिस अफसरों के समक्ष बस चालक ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने उसके सिर पर डंडा मारा, जिससे वो चोटिल हो गया और गुस्से में आकर उसने बस रोक दी। बस चालक ने सिपाही के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और चालक को समझाने की कोशिश की।

काफी देर की बातचीत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में भी घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है। एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे ने बताया कि बीती रात वहलना कट पर एक बस चालक की वहां तैनात पुलिस कर्मी से बहस हो गई थी, इसी को लेकर बस रोक दी गई थी। टीआई ने मौके पर जाकर विवाद शांत कराया और बस चालक को रवाना कर दिया था। सिपाही द्वारा मारपीट करने के आरोप गलत हैं।

दूसरी ओर थाना छपार क्षेत्र में सिसौना बाइपास के पास भी बीती रात हंगामा हो गया। भारी बारिश के चलते शिवभक्त कांवड़िए अपनी 151 लीटर गंगाजल से भरी कांवड़ को सड़क किनारे रखकर शिविर में विश्राम कर रहे थे, आरोप है कि तभी अचानक एक तेज रफ्तार एक्टिवा सवार वहां पहुंचा और कांवड़ में लात मारकर फरार हो गया। इससे कांवड़ खंडित हो गई। इस घटना से आक्रोशित कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कांवड़ियों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि ये शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर मेरठ के लिए पैदल यात्रा कर रहे थे। सीओ सदर ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर आरोपी की पहचान कराई जा रही है। दोनों घटनाओं के बाद प्रशासन ने हाईवे पर गश्त बढ़ा दी है और पुलिस कर्मियों को सतर्क कर दिया गया है।



मुजफ्फरनगर: बम-बम भोले जयघोष के साथ शहर से होकर गुजरता कांवड़ियों का कारवां।

# प्रसिद्ध समाजसेवी शारिक राणा का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली के प्रतिष्ठित व्यवसाई, समाजसेवी और होटल चीतल ग्रांड के एम।डी। शारिक राणा का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर जैसे ही शहर में फैली, खतौली सहित क्षेत्रभर में शोक की लहर दौड़ गई।

व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया।शारिक राणा खतौली के जाने-माने व्यवसाई थे, जिन्होंने न सिर्फ होटल उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाई बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनका होटल चीतल ग्रांड न केवल पश्चिम उत्तर प्रदेश बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों में भी खासा लोकप्रिय था। उनकी व्यावसायिक सूझबूझ और आतिथ्य शैली की वजह से होटल को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। शारिक राणा ने हमेशा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी।



शहर में विभिन्न धर्मों और वर्गों के लोगों के बीच सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। जरूरतमंदों की मदद करना, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग करना उनकी पहचान बन चुकी थी। उनके निधन पर खतौली के तमाम व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम जनमानस ने गहरा शोक प्रकट किया है। कई प्रतिष्ठित लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दी और कई सामाजिक संगठनों ने शारिक राणा के निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया है। नम आंखों से लोगों ने कहा कि ष्शारिक राणा जैसे शख्स हर रोज पैदा नहीं होते, उनका जाना खतौली के लिए एक युग का अंत है।

# कांवड़ यात्रा: जिला अस्पताल में बनाया गया स्पेशल वार्ड

## मेडिकल कॉलेज में भी बेड रिजर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी से लेकर खतौली तक व अन्य कांवड मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा सेवा देने के लिए तैयारियों शुरू कर दी है। कांवडियों को स्वास्थ्य परामर्श देने के लिए जिला अस्पताल में स्पेशल वार्ड बनाया गया है। वहीं मेडिकल कालेजों में भी नि:शुल्क इलाज के लिए बेड आरक्षित कराए गए हैं। इसके अलावा इंमरजेंसी में स्टाफ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। कांवड मार्ग पर 43 स्थानों पर लगाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप प्रशासन की तैयारियों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने भी पूर्ण तैयारी कर ली है।

कांवडियों को चिकित्सा सुविधा देने के लिए जिले में 43 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के साथ दवाईयां कांवडियों को दी जा रही है। वहीं गंभीर कांवडियों को जिला अस्पताल या अन्य अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एंबुलेंस भी लगाई गई है। नोडल चिकित्सा अधिकारी डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि कांवडियों को पुरकाजी से लेकर खतौली तक जगह-जगह मार्ग पर ही मिनी अस्पताल की सुविधा कैंप के माध्यम से दी जा रही है।

108 के साथ 102 एंबुलेंस भी सेवा में लगाई 108 व 102 एंबुलेंस के मैनेजर राजेश रंजन ने बताया कि कांवडियों की सेंवा में 108 के साथ 102 एंबुलेंस भी लगाई गई है। पुरकाजी से खतौली, शामली बोर्ड, बिजनौर बोर्डर पर कुल 57 पाइंट बनाए गए हैं, जहां इन्हें तैनात किया है। कोई भी समस्या होने पर एंबुलेंस नजदीकी अस्पतालो में कांवडियों को छोडेंगे।

> कांवड यात्रा की स्वास्थ्य विभाग ने पूर्ण तैयारी कर ली है। जिले में कांवड मार्ग पर 43 स्थानों पर स्वास्थ्य कैंप लगाए। दवाईयों का पूर्ण स्टाक है। जिला अस्पताल में स्पेशल वार्ड बनाया गया है। इमरजेंसी सहित सभी जगह अतिरिक्त स्टाफ लगाया है। 24 घंटे स्वास्थ्य विभाग सेवा में लगा है। और चिकित्सकों की टीम शिव भक्तों की सेवा के लिए लगाई गई है।
>
> **डा. सुनील कुमार तेवतिया**
> **मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर**

## जैन संतों का चातुर्मास साधना का पावन पर्व: मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित आशीर्वाद बैंकट हॉल में सकल जैन समाज द्वारा आचार्य 108 भारत भूषण महाराज, मुनि 108 निर्वाण भूषण महाराज तथा मुनि 108 भव्य भूषण महाराज का वर्षायोग कलश स्थापना समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सभासद सीमा जैन मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्री 1008 दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी की प्रबंध समिति और सकल जैन समाज की ओर से आचार्य 108 भारत भूषण महाराज के ससंघ चातुर्मास वर्षायोग कलश स्थापन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजने लगी सड़कें

## गंगाजल लेकर शिवचौक की परिक्रमा कर आगे बढ़ रहे शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सावन मास में शुरू होने वाली कांवड यात्रा में गंगाजल लेकर सड़कों पर उतरे कांवडियों की भीड़ हरिद्वार से चल कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही है जिससे हरिद्वार से लेकर दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कांवडियों का जत्था नजर आ रहा है हर तरफ भोले की जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे है शिवभक्तों का काफिले भारी भरकम सजिली कांवड के साथ कलश में गंगाजल लेकर शहर की सीमा से गुजरे तो उन्हे देखने वालों की भी भीड़ भडने लगी है। शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला शिवचौक भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां से गुजर रहे शिवभक्त परिक्रमा करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे है। जिला प्रशासन ने शिवभक्तों की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए है इसके लिए पुलिस बल के साथ साथ आरएएफ व अन्य सेना के जवानों को भी लगाया गया है। साथ ही जिले का खूफिया विभाग भी सतर्क हो गया है, हालांकि कांवड यात्रा शुरू हुए कई दिन हो चुके है, लेकिन शनिवार व रविवार को शहर से गुजरने वाले शिवभक्तों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह एक्टिव हो गया है। सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ अन्य स्थानों पर वॉच टावरों पर पुलिसकर्मियों को निगरानी के लिए लगाया गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार खुद पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे है। शहर की सीमा पर सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है जो कांवडियों की सुरक्षा के साथ-साथ यहां की सफाई व्यवस्था और शिव भक्तों के रात्रि विश्राम और अन्य व्यवस्था को संभाले हुए है। शहर में रंग बिरंगी लाईटों व फूलों से सजे कंडील भी आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

# सौहार्द: हिंदू मित्र के साथ गंगा जल लेकर आ रहे दो मुस्लिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कावड यात्रा के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द का संगम भी देखने को मिल रहा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी कमल हरिद्वार से 151 किलो की कांवड लेकर चल रहे हैं। उनके साथ उनके मित्र मुस्लिम चाहत व एक अन्य साथी साथ चल रहे हैं। उन्होंने हरिद्वार से 28 जुलाई को जल उठाया और 18 जुलाई को मुजफ्फरनगर पहुंचेंगे। वह 23 जुलाई को शिव चौक पर जल अभिषेक करेंगे।

चाहत ने बताया कि वह मुस्लिम है लेकिन अपने मित्र की खातिर वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। उसने कहा कि सरकार को गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए। हमारे भारत में प्यार मोहब्बत से हिंदू मुसलमान सभी रहें, देश मजबूत हो, यही सबसे बडा पुण्य का काम है। इससे पूर्व भी कई कांवड़ यात्रा में ऐसा सौहार्द का संगम देखा गया। साथ ही कई स्थानों पर मुस्लिमों की टोली यहां से गुजरने वाले शिवभक्तों की सेवा में लगी देखी जा सकती है।



मुजफ्फरनगर: शिवजी महाराज के चित्र के साथ सजीली आकर्षण भरी कांवड़ लेकर शहर से गुजरे युवा को देखने उमडी भीड़। छाया: तबरेज खान

# कलात्मक योगासन में गाजियाबाद अव्वल

■ सिसौली में योगासन प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की स्मृति में किसान भवन सिसौली में आयोजित छठवीं राज्य स्तरीय पुरुष योगासन प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन पूरे प्रदेश से आए योगासन खिलाडियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल सदस्य विधान परिषद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख बघरा गौरव पवार, ब्लॉक प्रमुख सदर अमित चौधरी, ब्लॉक प्रमुख जानसठ नरेंद्र सिंह, योगेश बालियान चैयरमेन सिसौली, बिट्टू चेयरमैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समस्त



व्यवस्था किसान यूनियन के युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत की देखरेख में चल रही हैं। गुरुकुल आर्यावर्त बुडीना कलां के बच्चों के द्वारा अतिथियों के सामने दीप योग का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया गया जिसकी वहां उपस्थित सभी अतिथियों और गणमान्य लोगों ने जमकर तारीफ की। भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत एवं मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल के द्वारा सभी विजयी योगासन खिलाड़ियों को मेडल पहनकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस चैंपियनशिप में बच्चों के द्वारा अलग-अलग आयु वर्ग में पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन एकल, कलात्मक योगासन युगल तथा तालात्मक योगासन युगल का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया गया एक से बढ़कर एक प्रदर्शन योगासन खिलाडियों के द्वारा किसान भवन सिसौली पर प्रदर्शन किए गए। अभी तक संपन्न हुई प्रतियोगिताओं में कलात्मक योगासन एकल में सीनियर वर्ग में प्रवीण कुमार पाठक गाजियाबाद ने प्रथम स्थान, वंशराय मेरठ ने द्वितीय स्थान तथा आर्यन गाजियाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पारंपरिक योगासन में जूनियर वर्ग में कन्दर्प किरण पवार गाजियाबाद ने प्रथम स्थान, युग डबास गाजियाबाद ने द्वितीय स्थान और वंश अग्रवाल गौतम बुद्ध नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलात्मक योगासन युगल में सीनियर वर्ग में आर्यन गाजियाबाद ने प्रथम स्थान अर्जुन एटा ने द्वितीय स्थान और प्रदीप कुमार मेरठ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की और से सचिव रोहित कौशिक अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह कंपटीशन डायरेक्टर नेहा श्योरान, कंपटीशन मैनेजर अर्चना सिंह, कपिल शर्मा, प्रिंस चौधरी, डॉ. जोगिन्द्र सिंह , किसान चिंतक कमल मित्तल आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य रैंकिंग : यूपी में पहले पायदान पर जनपद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं में जनपद ने प्रदेश के सभी जनपदों को पछाडकर यूपी हैल्थ डैशबोर्ड में पहली रैंक पाने में कामयाबी हासिल की है। इससे सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों में काम के प्रति और अधिक समर्पण बढ़ा है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पूरे प्रदेश में मिले प्रथम स्थान प्रत्येक माह की यूपी हेल्थ डैशबोर्ड की रैंकिंग में सामने आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार तेवतिया के ने बताया कि टीबी कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली बेहतर सेवाओं के आधार पर जनपद को माह जुलाई में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व माह में जनपद सातवीं रैंक पर था। इसी के साथ जनपद मण्डल में भी प्रथम स्थान पर है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर रैंकिंग दी जाती है। अब मई और जुलाई 2025 की यूपी हेल्थ डैश बोर्ड पर रैंकिंग जारी की गई है। इसमें मुजफ्फरनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूरे प्रदेश में मुजफ्फरनगर का प्रथम स्थान पर आना बहुत ही खुशी की बात है। जिसके लिए जनपद स्तर के अधिकारी, ब्लॉक स्तर की टीम के प्रयासों का एक बेहतर परिणाम है। सीएमओ ने सभी ब्लाक स्तरीय अधिकरियों, एसीएमओ, विभिन्न योजानाओं के प्रभारियों के कार्यों की सरहाना करते हुए उन्हें इस मौके पर प्रेरित किया है।

# सड़क की खराब गुणवत्ता पर भड़कीं चेयरपर्सन मीनाक्षी, ठेकेदार तलब

## निरीक्षण में पालिकाध्यक्ष ने जताई नाराजगी, दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में बारिश के बाद जल भराव के कारण जनता को हुई समस्याओं को समझने और उनका निस्तारण करने के लिए रामपुरी से जुड़े तीन वार्डों में स्थलीय निरीक्षण करने के बाद पालिका अध्यक्ष ने पूरी टीम के साथ रामलीला टीला के दो वार्डों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र का पैदल भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया।

पालिकाध्यक्ष अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह सभासदों और पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रामलीला टीला क्षेत्र में पहुंचे और पालिका के वार्ड संख्या 9 एवं 12 के अन्तर्गत आने वाले मौहल्लों का निरीक्षण किया। सड़क से घर तक पालिका अध्यक्ष ने पहुंचकर महिलाओं, दुकानदारों और व्यापारियों से जनसंवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। वार्ड में निवास कर रहे भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समाधान के लिए सुझाव मांगे और मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया।

वार्ड में पालिका की ओर से बनाई जा रही सीसी सड़क और नाली के निर्माण में मानक और गुणवत्ता की कमी की शिकायत पर मीनाक्षी स्वरूप ने तत्काल ही ठेकेदार को तलब करते हुए निम्न गुणवत्ता को लेकर फटकार लगाई और एई निर्माण नैपाल सिंह को मौके पर ही जांच के लिए भेजकर रिपोर्ट मांगी। गुणवत्ता खराब पाये जाने पर ठेकेदार के भुगतान से कटौती के लिए कहा और ब्लेकलिस्ट करने की चेतावनी भी दी। वार्ड 9 में नियमित सफाई नहीं होने का मामला सामने आने पर उन्होंने सफाई नायक को मौके पर तलब किया। वार्ड में 12 सफाई कर्मचारी होने के बावजूद भी शिकायत बने रहने पर सफाई नायक को सख्त चेतावनी के साथ कार्यप्रणाली सुधारने के लिए कहा गया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही को वार्ड में सफाई की नियमित मॉनीटरिंग करते हुए रिपोर्ट तलब की और सफाई उपकरण की आवश्यकता की पूर्ति के निर्देश दिये।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा)
C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART)
C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717



# नकली खाद फैक्ट्री चलाने वाले पांचों आरोपियों को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के गांव सिलाजुढी में पकड़ी गई नकली उर्वरक की फैक्ट्री में पुलिस ने करीब 40 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। एसएसपी संजय कुमार ने इस मामले में प्रेसवार्ता करते हुए पूरे प्रकरण की जानकारी दी है। उधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से पकड़े गए पांच आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि सीओ मंडी रूपाली, नई मंडी पुलिस और एसओसी की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर सिलाजुढी में चल रही श्रीराम एग्रो आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज नाम से नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पर छापेमारी की। वहां पर कुछ लोग नकली खाद बनाने का कार्य कर रहे थे तथा तैयार खाद व उर्वरक को पिकअप में लाद रहे थे।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ब्रांडेड कम्पनीयों के उर्वरक, खाद, कीटनाशक आदि की बाजार में काफी मांग रहती है। इसके लिये हमने ब्रांडेड कम्पनीयों के नाम से नकली खाद व उर्वरक आदि बनाने की फैक्ट्री लगायी गयी थी। हम लोग बाजार से कच्चा माल व कैमिकल आदि खरीद कर उन्हे ब्रांडेड कम्पनियों के नाम से पैक कर बाजार में सप्लाई करते है और मुनाफा अर्जित करते हैं। रमेशपाल द्वारा बताया गया कि वह इस नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का मालिक है तथा आसिफ, आरिफ व सलीम उपरोक्त के द्वारा फैक्ट्री में नकली खाद /उर्वरक तैयार कर पैक किया जाता है एवं रियासत उपरोक्त के द्वारा तैयार माल को विभिन्न स्थानों पर बोलेरो पिकअप की सहायता से सप्लाई किया जाता है। हम लोग नकली माल की पैंकिग करने के लिये हापुड़ से ब्रांडेड कम्पनियों के खाली रैपर, बोरे, पैकेट आदि लाते हैं। उनमें नकली माल भरकर असली माल के नाम से वाजार में बेच देते

## 10 फुट से ऊंची तथा 12 फुट से चौड़ी कांवड़ को नहीं मिलेगा प्रवेश

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में मानकों के अनुरूप ही डीजे वाहनों का प्रवेश होने दिया जाएगा। जिससे कि हाइवे या अन्य कांवड़ मार्गों पर किसी तरह की हादसा होने से बचा जा सके। इसी के मद्देनजर एसपी सिटी ने कांवड़ यात्रा में संचालित डीजे वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरुप रखने के लिए चौकिंग कराई गई।

उत्तराखंड की सीमा पर कांवड़ यात्रा में संचालित डीजे वाहनों को मानकों के अनुरुप कराया गया। रविवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थानाक्षेत्र पुरकाजी के अन्तर्गत उत्तर-प्रदेश, उत्तराखण्ड सीमा पर जनपद में प्रवेश करने वाले डीजे वाहनों के संचालकों से वार्ता कर उन्हे शासन द्वारा डीजे की उंचाई व चौडाई के सम्बन्ध में जारी मानक व दिशा-निर्देशों के बारे में बताया गया।पुलिस द्वारा कांवड यात्रा को सुरक्षित व दुर्घटना मुक्त कराने हेतु ओवरसाईज्ड डीजे वाहनों को मानकों के अनुसार (10 फुट ऊंचाई तथा 12 फुट चौडाई कराकर जनपद सीमा में प्रवेश दिया गया। एसपी सिटी द्वारा सभी डीजे संचालकों से वार्ता कर उन्हे निर्देशित करते हुए बताया कि डीजे का ध्वनि स्तर शासन द्वारा निर्धारित डेसीबल (75 डेसीबल) पर ही रखें, जिससे धार्मिक श्रद्धा और कानून व्यवस्था दोनों को संतुलित रखा जा सके। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे वाहन के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## कार की टक्कर से पिता कांवड़िये की मौत, दो पुत्र घायल

**छपार।** बाइक से कावड लेने हरिद्वार जा रहे पिता व दो पुत्रों को रई चौराहे के निकट सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे अमित की मौत हो गई और उसके दो पुत्र गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में कर घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चालक कार छोड़कर फरार हो गया। मृतक के भाई ने थाने में जाकर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के जनपद शाहज. हांपुर के थाना मीरानपुर के गांव सहामपुर निवासी अमित अपने दो पुत्रों अमन व अभिषेक के साथ बाइक पर गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे थे जब रविवार को सुबह करीब चार बजे हाईवे पर रई चौराहे के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी जिससे अमित कुमार पुत्र हरदयाल सिंह की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर लिया। मृतक के भाई मुकेश ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# एमएड की मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा एम0एड0 द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के एम0एड0 सत्र 2024-26 द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने मॉ शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर के परीक्षाफल में उत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एम0एड0 सत्र 2024-26 के द्वितीय सेमेस्टर में ईशा अरोरा और सलोनी पँवार ने संयुक्त रूप से 78.86 प्रतिशत अंको से प्रथम स्थान, अंजली ने 78.41 प्रतिशत अंको से द्वितीय स्थान, तथा रितेश कुमार सैनी ने 77.95 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

एमएड परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होनें बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है, तथा उनकी अपने-अपने विषय पर पकड़ बहुत अच्छी है,



जिसके कारण किसी भी विषय को समझने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आर्शीवाद देते हुये कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता उनकी पढाई के प्रति लगन व कड़ी मेहनत का परिणाम है।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यार्थियों को सम्मानित करने के मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल तथा निदेशक डा0 अशोक कुमार के साथ डा0 विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स, डा0 ;षभ भारद्वाज, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, राहुल गौतम, अजय कुमार प्रवक्ता कप्यूटर एप्लीकेशन विभाग और शिक्षा संकाय के अध्यापकगण संदीप राठी, सपना सिंघल, रीतु गर्ग आदि उपस्थित रहे एवं सभी छात्रों को बधाइ2 देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जाटों ने हिलायी थी मुगल एम्पायर की नीव : अनुपमा चौधरी

**बुढ़ाना।** असल में मुगल एम्पायर के पतन की नींव रखने का श्रेय उत्तर प्रदेश के जाटों को जाता है। जिसमे वीर गोकुला का नाम सर्वोपरि है। यह वो दौर था जब मुगल साम्राज्य के भारी कर, भ्रष्ट फौजदार, जमींदार व क्रूर सेना. पतियों का अत्याचार आदि चरम पर पहुंच चुका था। शाहजहां काल के अन्तिम वर्षों में उत्तराधिकार युद्ध के समय जाट नेता वीर नंदराम ने शोषण करने वाली आर्थिक ऊंची लगान दर धार्मिक नीति जजिया कर के विरोध में विद्रोह करके कर देने से इंकार कर दिया और बगावत का झंडा उठा लिया। तत्पश्चात वीर नंदराम का स्थान उदय सिंह तथा गोकुल सिंह ने लिया। यह विद्रोह भारतीय इतिहास में किसी भी मज़बूत राजशाही के खिलाफ किसानों का पहला विद्रोह था। एक तरफ मुगल साम्राज्य की प्रशिक्षित सेना, तोपखाना व उच्च क्वालिटी की बंदूकें थी तो दूसरी तरफ अप्रशिक्षित जाट किसानों का समूह, हथियारों के रूप में देशी निम्न स्तरीय बंदूके व भाले थे। जब देश भर के राजे रजवाड़े डर के मारे मुगल दरबार मे सजदा कर रहे थे तब भारतीय संस्कृति की रक्षा का तथा तात्कालिक शोषण, अत्याचार और राजकीय मनमानी की दिशा मोड़ने का यदि किसी को श्रेय जाता है तो वह केवल गोकुल सिंह को जाता है। भारतीय इतिहासकार चुनिंदा राजा रजवाड़ों के सत्ता खातिर लोभ लालच के आपसी



संघर्ष को धार्मिक स्वरूप देकर लिख रहे थे और भारतीय ऐतिहा. सिक परिवेश के असली नायकों को दफन कर रहे थे। ऐसे इतिहासकारों के लिए बलबीर सिंह करुण ने लिखा है वे टुकड़े खोर इतिहासकार व सत्ता के बदनुमा दाग भारत की संस्कृति के द्रोही निश दिन गाते विष भरे राग। मगर अभी जागरूक व खोजी इतिहासकारों की बदौलत यह उपेक्षित अध्याय धूल झाडकर अपने तेजस्वी रूप को दिखाकर अनुप्राणित कर रहा है। हमे वीर गो. कुला का सटीक इतिहास यूरोपीय यात्री मनूची के वृतांत से मिलता है। उसी के शब्दों में एक अनोखा चित्र देखिये जो अन्य किसी देश या जाति के इतिहास में दुर्लभ है। उसे इन विद्रोहियों के कारण असंख्य मुस. ीबतें उठानी पड़ी और इन पर विजयी होकर लौटने के बाद भी उसे अनेक बार अपने सेनापतियों को इनके विरुद्ध भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। विद्रोही गांवों में पहुंचने के बाद ये सेना नायक शाही आज्ञाओं का पालन कत्ल और सिर काटकर किया करते थे। अपनी सुरक्षा के लिए ग्रामीण कंटीले झाडियों में छिप जाते या अपनी कमजोर गढ़ियों में शरण लेते थे। स्त्रियाँ भाले और तीर लेकर अपने पतियों के पीछे खड़ी हो जाती। जब पति अपनी बंदूक को दाग चुका होता तो पत्नी उसके हाथ में भाला थमा देती और स्वयं बंदूक को भरने लगती थी। इस प्रकार वे उस समय तक रक्षा करते थे जब तक कि वे युद्ध जारी रखने में बिल्कुल असमर्थ नहीं हो जाते थे। जब वे बिल्कुल ही लाचार हो जाते तो अपनी पत्नियों और पुत्रियों को गर्दनें काटने के बाद भूखे शेरों की तरह शत्रु की पंक्तियों पर टूट पड़ते थे और अपनी निशंक वीरता के बल पर अनेक बार युद्ध जीतने में सफल होते थे। औरंगजेब ने 1666 में अब्दुन्नवी नामक फौजदार को मथुरा में नियुक्त किया और यही संघर्ष की शुरुआत का कारण बना। अत्याचारों से त्रस्त जनता पर दमन की कार्यवाही चरम पर पहुंच गई और आक्रोश का गुब्बार वीर गोकुल सिंह के नेतृत्व में फुट पड़ा। एक तरफ ऊंची लगान दर व जज़िया कर व दूसरी तरफ मुगल सैनिकों की लूटमार ऐसे में गोकुल सिंह ने भाई उदयभान सिंह के साथ मिलकर 20 हजार किसानों को एकजुट करके किसान सेना बनाई और मुगल साम्राज्य की नाक के नीचे 10 मई सन 1666 को गोकुल सिंह की सेना ने तिलपत की लड़ाई में बुरी तरह हराया और फौजदार मारा गया।

# प्राचीन महादेव मंदिर में शिव पूजा से होती है मनोकामना पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।**क्षेत्र के तीन प्राचीन मंदिर महादेव मंदिर शिव पूजा का केन्द्र माने जाते हैँ। नील कंठ महादेव मंदिर फिरोजपुर, जुड़ेश्वर महादेव मंदिर ककराला व प्राचीन रणखंडी महादेव मंदिर वजीराबाद मे शिव पूजा का बड़ा महत्व है। तीनो प्राचीन मंदिरों मे शिव भक्ति की बयार उमड़ती है। श्रावण मास मे श्रद्धालू पूजा कर मनोकामना प्राप्त करते हैँ।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुक्रताल के पास बालू के पहाड़ रुपी टीलो के मध्य स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव सिद्ध पीठ मंदिर प्राचीन काल से आस्था का केन्द्र रहा है। श्रावण मास मे मंदिर मे पूजा का बड़ा महत्व है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर मे उमड़ती है। मंदिर के पुजारी बाबा नरेश बरफानी ने बताया की शुकतीर्थ की भांति नीलकंठ महादेव मंदिर का इतिहास भी प्राचीन है।अज्ञातवास के दौरान पांडवो ने इस मंदिर मे विश्राम कर पूजा की थी।अर्जुन ने घोर तप कर शिव आराधना की थी।और भगवान शिव शंकर से वरदान प्राप्त हुआ था। मंदिर की विशेषता यह है कीचालीस दिनों तक शिव पिंडी पर जलाभिषेक करने से भक्त की प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है।इसके अलावा ;षिकेश स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर,बागपत के पुरा महादेव मंदिर समानानंतर दिशा मे हैँ। व तीनो प्राचीन मंदिरों की शिखर चोटी भी एक समान है।



पांडव कालीन है।

वहीं मोरना--भोपा मार्ग पर गांव ककराला मे प्राचीन जुड़ेश्वर महादेव सिद्धपीठ मंदिर मे शिवपूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या पहुँचती है। श्रावण मास मे आस पास से हजारों महिला व पुरुष श्रद्धालू मंदिर मे नंगे पाँव पहुँचते हैँ। और भगवान शिव का जलाभिषेक कर मनोकामना सिद्ध करते हैँ। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार श्रद्धालुओं की भारी मंदिर मे पूजा के लिए आती है।सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहता है। इसके अलावा ब्लॉक् क्षेत्र के गांव वजीराबाद मे अथाई मार्ग पर स्थित प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर मे शिव पूजा का बड़ा महत्व माना जाता है।शिवभक्त अनुज अग्रवाल ने बताया की मंदिर का इतिहास पांच सौ वर्ष से भी अधिक पुराना है। शिवभक्त की कड़ी तपस्या के बाद प्राकृतिक रूप से धरती से प्रकट हुए शिवलिंग क्षेत्र मे आस्था का केन्द्र है। श्रावण मास के सोमवार वजी. राबाद, छछरौली, भोकरहेडी, मजलिसपुर तौफीर,बहुपुरा, मोरना, अथाई आदि गांव के ग्रामीण मंदिर मे आकर शिव पूजा कर मनोकामना सिद्ध करते हैँ।

## कोल्ड स्टोर में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** शिव परिवार सेवा समिति द्वारा द्वारा शहर के मीनाक्षी चौक स्थित कोल्ड स्टोरेज में 31 वां विशाल कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। शि. विर में कांवड़ियों के लिए चाय, नाश्ता, खाना, नहाने की सुविधा, चिकित्सा की सुविधा आदि का प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर राकेश कुमार गोयल, सतीश शर्मा, उज्जवल मित्तल, अनिल तायल, यशु गोयल, विवेक गुप्ता, प्रमोद शर्मा, आयुष गुप्ता, प्रीतम सिंघल, भारतवीर सहरावत आदि मौजूद रहे।हरिद्वार से दिल्ली के बीच मुख्य पड़ाव स्थल मुजफ्फरनगर शहर में लगने वाला यह शिविर अपनी अनूठी विशेषताओं के कारण कांवड़ियों के लिए आकर्षण का केंद्र पूर्व वर्षों में ही बन चुका है। समिति ने वॉटरप्रूफ शिविर का निर्माण कराया है

# झारखंड महादेव देवालय में श्रावण मास की संध्याकालीन महाआरती का भव्य आयोजन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में श्रावण मास के पावन अवसर पर संध्याकालीन महाआरती का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है। गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई से प्रारंभ यह आयोजन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन संपन्न होगा। प्रत्येक दिन विशेष यजमान परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर आरती की जाती है। श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ आयोजन में भाग ले रहे हैं। आरती से पूर्व पूरे श्रावण मास रुद्राभिषेक का क्रम भी निरंतर जारी है। शनिवार 12 जुलाई को रुद्राभिषेक का पूजन संजीव कुमार शर्मा व श्रीमती शशि भारद्वाज ने परिवार सहित किया और भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी दिन संध्याकालीन आरती में मुख्य यजमान संजीव अग्रवाल एवं उपासना अग्रवाल (पीली कोठी) रहे। यजमान परिवार ने दीप प्रज्वलित कर आरती कराई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने महाआरती में भाग लेकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाआरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर समिति के संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सहित मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, यश छाबड़ा, अरुण वर्मा, योगेश वर्मा, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार (अलीपुर), अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, शशि उपाध्याय, आरती, ऐश्वर्या गोस्वामी व नीरज मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 2341/13.10.2008 मे गलती से माता का नाम वीनस व पिता का सचिन अंकित कर दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमशः वीनस तोमर व सचिन कुमार है। भविष्य मे इन्ही नामों से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतू आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

सचिन कुमार पुत्र मंगल सैन
ग्राम फखरपुर पो. खेकड़ा,
बागपत मो. 6239295834

# सैनी नगर गुज्जर कॉलोनी में नाले पर सड़क बनाकर बना दी नाली

## वर्षों पुराना नाला नाली में तब्दील, नगर वासियों में भारी आक्रोश



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर को जलभराव से मुक्ति दिलाने के दावे करने वाली पालिका की कार्यशैली अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। सैनी नगर स्थित विशालकाय वर्षों पुराना नाला अब अतिक्रमण और अव्यवस्था की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

पालिका प्रशासन ने इस नाले को आंशिक रूप से पाटकर उसके ऊपर सड़क बना दी है, जबकि बराबर में संकरी नाली का निर्माण कर नाले की जगह नाली से काम चलाने की कार्रवाई की गई है। पालिका के इस कार्य से स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। नगरवासियों ने इसे पालिका और कुछ प्रभावशाली ठेकेदारों की मिलीभगत करार दिया है। लोगों का आरोप है कि नाले को नाली में तब्दील कर न केवल जल निकासी व्यवस्था को बाधित किया गया है, बल्कि नगर को भविष्य में जलभराव की गंभीर समस्या की ओर भी धकेला जा रहा है।

### नाले के अस्तित्व को मिटाकर बनाई सड़क

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सैनी नगर गुज्जर कॉलोनी से होकर गुजरने वाला यह नाला वर्षों पुराना है। यह मुख्य नाला रेलवे रोड, श्यामपुरी, जानसठ रोड सहित कई कॉलोनियों के गंदे पानी और वर्षा जल का निकास करता है। पालिका ने इस मुख्य नाले को संकुचित कर दिया है और उस पर सड़क बनाकर उसकी दिशा और बहाव को बाधित कर दिया है।

### जनप्रतिनिधियों पर मिलीभगत का आरोप

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि यह कार्य एक सुनियोजित साठगांठ का नतीजा है। पालिका ने बिना किसी जनसूचना या सार्वजनिक योजना के इस निर्माण को अंजाम दिया है। लोगों का मानना है कि यह पूरा निर्माण कार्य न केवल तकनीकी रूप से गलत है, बल्कि इसमें करोड़ों रुपये के घोटाले की बू भी आ रही है।

### जनता में आक्रोश

पालिका के इस फैसले के खिलाफ स्थानीय नागरिकों में भारी रोष है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि नाले को पूर्व की स्थिति में नहीं बहाल किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे। नागरिकों का कहना है कि नगर में जलभराव की स्थिति पहले ही गंभीर बनी रहती है, ऐसे में नाले के ऊपर सड़क बनाना सीधे-सीधे नगरवासियों की मुश्किलें बढ़ाने जैसा है।

### प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल

पालिका द्वारा इस पूरे प्रकरण पर अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। न ही यह बताया गया कि किस योजना के तहत नाले को पाटकर सड़क और नई नाली का निर्माण किया गया। इससे प्रशासन की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों की मांग है कि नाले को उसके पूर्व स्वरूप में वापस लाया जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्माण कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जनता की भागीदारी को अनिवार्य किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी जनविरोधी योजनाएं धरातल पर उतरने से पहले ही रोकी जा सकें।

### अफसरों की चुप्पी से जनता में उबाल

खतौली। नगर पालिका के किसी अधिकारी ने अब तक इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है। सवाल पूछने पर अफसर फोन काट रहे हैं या फाइल देखने की बात कह रहे हैं। इससे जनता में और गुस्सा बढ़ रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर नाला दोबारा नहीं खोला गया या वैकल्पिक ड्रेनेज लाइन नहीं बनी, तो आंदोलन होगा। नगर वासियों का कहना है कि अगर यह घोटाला साबित होता है, तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अब देखना यह है कि क्या नगर पालिका पर श्नाला घोटालेश का सच सामने आएगा या यह मामला फाइलों में ही दबा रह जाएगा?

# खतौली में जलभराव से लोगों का फूटा गुस्सा, चेयरमैन मुर्दाबाद के लगाए नारे

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने खतौली नगर पालिका की तैयारियों की पोल खोल दी। तेज बारिश के कारण बुढाना मार्ग पर भीषण जलभराव हो गया, जिससे थानेश्वर महादेव मंदिर की दीवार भरभराकर गिर गई। इस घटना में मंदिर कमेटी को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, जलभराव से परेशान स्थानीय लोगों का गुस्सा अचानक फूट पड़ा और उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने श्चेयरमैन मुर्दाबादश के नारे लगाते हुए नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि कुछ ही दिन पहले पालिका की ओर से नालों की सफाई कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद नगर में जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी दौरान संयोग. वश एक स्थानीय कार्यक्रम का उद्घाटन कर लौट रहे नगर पालि. का अध्यक्ष हाजी शाहनवाज उर्फ लालू की गाड़ी जब घटनास्थल से गुजरी, तो नाराज लोगों ने उनकी गाड़ी को देखकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराया। लोगों का आक्रोश और बढ़ता देख चेयरमैन मौके से रवाना हो गए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द ठोस समाधान किया जाए। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भी इस मामले को लेकर गहरी नाराजगी जताई और नुकसान की भरपाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था होती, तो न तो सड़कों पर पानी भरता और न ही धार्मिक स्थल की दीवार गिरती। नगरवासी अब पालिका से जवाब चाहते हैं कि आखिर क्यों हर वर्ष बरसात में यही हालात देखने को मिलते हैं।

## घुमन्तु गौवंश भूख प्यास से दम तोड़ रहे...

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र मे आवारा गौवंश कहीं ना कहीं पर भूख प्यास से दम तोड रहे हैं। अभी तीन दिन पूर्व गांव रसूलपुर दभेडी में भूख प्यास से मरी 4 गायों को आवारा कुत्ते नोच रहे थे इस बात को अभी ग्रामीण भूले भी नहीं थे कि आज रविवार के दिन नई तहसील के पीछे स्थित नसीम डीलर के घर के समीप एक आवारा गौवंशघ मृत अवस्था में पड़ा मिला। यहां के लोगों के अनुसार यह आवारा गौवंशघ भूख प्यास से निढाल होकर दम तोड गया। इससे पहले भी गांव सफीपुर पटी मंदवाडा रोड पर एक आवारा गौवंश दम तोड गया था और बीती 16 जून को भी एक आवारा बछड़ा भूख प्यास से निढाल होकर मर गया था। इन आवारा पशुओं की गौशाला होने के बाद भी कितनी दूर्दशा हो रही है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। एक महीने से भी कम समय में आधा दर्जन से भी अधिक आवारा गौवंशों का मरना बीडीओ और ग्राम सचिवों की ढिलाई को दर्शाता है।

# महान संत की श्रद्धांजलि सभा में हरियाणा के सी एम का होगा आगमन

**मोरना।** तीन सदी के युग ख्रष्टा शिक्षा ;षि महान संत स्वामी कल्याण देव महाराज की 21वीं पुण्यतिथि पर सोमवार की सुबह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जायेगा। श्रद्धांजलि सभा मे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेगे। मुख”मंत्री के आगमन को लेकर रविवार को प्रशासनिक अधिकारियो ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित भागवत पीठ श्रीशुकदेव आश्रम मे बृहमलीन स्वामी कल्याण देव महाराज की पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर सोमवार की सुबह आठ बजे पादुका पूजन के साथ कार्यक्रम आरम्भ होगा जिसके बाद दस बजे आयोजित हवन मे पूर्ण आहुति प्रदान की जायेगी।10रू30 बजे से 12 बजे तक श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य व्यक्ति भाग लेगे। सी एम के 10रू55 बजे आश्रम मे आगमन का कार्यक्रम है।कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रविवार को अपर जिलाधिक. ारी प्रशासन संजय कुमार उपजिला. धिकारी जयेंन्द्र सिंह,पुलिस उपाधीक्षक देहात आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी डॉ.रवि शंकर मिश्रा व थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियो ने आश्रम के अधीष्ठा स्वामी ओमानन्द महाराज



से भेंट कर कार्यक्रम की जानकारी की। शुकदेव आश्रम के ट्रस्टी एवं प्रबंधक ओम दत्त आर्य ने बताया की श्रद्धांजलि सभा मे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायिका मिथलेश पाल, एमएलसी वंदना वर्मा, हरियाणा से राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री एमएल रंगा सहित ट्रस्टी एवं कुलपति नरेंद्र शर्मा, समाजसेवी रमेश मलिक, कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री, हरीश शर्मा, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहेगे। सभा की अध्यक्षता हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक के पी सिंह करेंगे

# खतौली से भारी संख्या में निकले शिवभक्त कांवड़िए, प्रशासन अलर्ट

## गंगनहर किनारे सहायता केंद्र स्थापित, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा नगर



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा का पावन अवसर आते ही शिवभक्तों का सैलाब खतौली नगर से गुजरने लगा है। शनिवार सुबह से ही हजारों की संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेकर खतौली के विभिन्न मार्गों से आगे की यात्रा के लिए निकलते नजर आए। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

भैसी कट से लेकर भंगेला चौक पोस्ट तक पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिसकर्मी न सिर्फ यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं, बल्कि कांवड़ियों को सुरक्षा और सहायता भी प्रदान कर रहे हैं।

### प्रशासन सतर्क, ड्रोन से निगरानी

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने ड्रोन कैमरों से भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी खुद भी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

### सहायता केंद्र बना सहारा

गंगनहर पटरी मार्ग पर प्रशासन द्वारा एक विशेष सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, जहां शिवभक्तों को प्राथमिक उपचार, जलपान और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा कर्मियों की एक टीम और एम्बुलेंस भी 24 घंटे तैयार रखी गई है।

### श्रद्धा और उत्साह का अद्‌भुत संगम

गंगाजल लेकर आगे बढ़ते शिवभक्तों की टोली हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रही है। खतौली की सड़कों, गलियों और गंगनहर पटरी पर हर ओर आस्था और उत्साह का अद्‌भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

### स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय

कांवड़ यात्रा में स्थानीय निवासियों का सहयोग भी सराहनीय रहा। कई समाजसेवी संस्थाओं और मोहल्लावासियों ने अपने-अपने स्तर पर सेवा शिविर लगाए हैं, जहां कांवड़ियों को शीतल पेय, फल और आराम की सुविधा दी जा रही है।

### सीओ बोले: पूरी तरह चौकस है पुलिस

सीओ रामआशीष यादव ने बताया कि ष्कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों की संख्या इस बार अपेक्षाकृत अधिक है। इसलिए खतौली क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस हर स्तर पर सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार है।

शिवभक्तों की भक्ति, प्रशासन की मुस्तैदी और जनसहयोग की भावना ने खतौली को फिलहाल एक आदर्श कांवड़ रूट बना दिया है। यात्रा के आने वाले दिनों में भी इसी समन्वय की उम्मीद जताई जा रही है।

# अलर्ट मोड पर है बुढ़ाना पुलिस प्रशासन......

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र के कई गांवों से गुजरने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है।

पूर्व की तरह इस बार भी कांवड़ मेले में पुलिसकर्मियों को कांवड़िए के वेश में भी तैनात किया जाएगा ताकि वहां होने वाली हर हरकत पर नजर रखी जा सके। बीती 10 जुलाई से श्रावण कांवड़ मेले की शुरुआत हो गयी थी। इसके लिए बुढ़ाना पुलिस प्रशासन ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी और सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व मे तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीते वर्ष 4 करोड़ कांवड़ यात्री हरिद्वार से जल लेकर चले थे। इस बार संख्या इसके आसपास या इससे अधिक होने की पूरी संभावना बनी है और फिर इसी के हिसाब से भी तैयारियां हो रही हैं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए बुढाना पुलिस प्रशासन को जरुरी दिशा निर्देश जारी कर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गये हैं। पूरे कांवड़ मार्ग को साफ सुथरा कर वहां पर प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। कांवड़ मेले के मद्देनजर इंटेलीजेंस को सक्रिय कर दिया गया है। इस बार बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी सादे वस्त्रों में तैनात रहेंगे ताकि हर तरह की गति. विधि पर नजर रखी जा सके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।

### कांग्रेस की बैठक में संगठन मज़बूत करने पर हुई चर्चा

**मोरना।** ककरौली मार्ग स्थित गांव बेहड़ा सादात में कांग्रेस पार्टी की ग्राम स्तरीय बैठक में संगठन को मज़बूत करने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि जिला कॉर्डिनेटर चितवन शर्मा ने कहा कि जो पदाधिकारी लम्बे समय से संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं, कार्यकर्ता उन्हें ताकत देकर मजबूत करें। इसमें यूथ टीम की सबसे अहम भूमिका है।

कांग्रेसी परिवार की पहचान कर उनसे मिलें व संगठन में पुनः जोड़ें। विशिष्ट अतिथि कॉर्डिनेटर प्रभारी सुधीर कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र विरोधी है। लोकतंत्र के बिना सामाजिक समानता सम्भव नहीं है। भाजपा के राज मे लगातार असमानता बढ़ रही है। समाज मे कुंठा पनप रही है। कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में यूनुस प्रधान, युसुफ, इमरान, हिमांशु गुर्जर, विकास गौतम, सन्तराम, डॉ गुफरान, गुलफाम, इखलाक मौजूद रहे।

# डाग स्क्वायड टीम ने अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का किया दौरा



**बुढ़ाना।** कांवड यात्रा 2025 को निर्विघ्न तथा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुज"फरनगर पुलिस द्वारा आज रविवार के दिन डॉग स्कवॉड, बॉम्ब डिस्पोजल स्कवॉड और एएस चौक टीम के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित मंदिरों, कांवड शिविरों और कांवड मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मिली जानक. ारी के अनुसार कांवड़ यात्रा 2025 को निर्विघ्न तथा सकुशल सम्पन्न कराने एवं कानून और सुरक्षा व्यवस्था सुदढ रखने के लिये मुज"फरनगर पुलिस पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इसी क्रम में जनपद मुज"फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में आज रविवार के दिन मुज" फरनगर पुलिस द्वारा डॉग स्कवॉड, बॉम्ब डिस्पोजल स्कवॉड और एएस चौक टीम के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में कई स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा कांवड मार्ग पर संचालित कांवड़ शिवि. रों, खोया-पाया केन्द्र, आस-पास खड़े वाहनों, मंदिरों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन चेकिंग की गयी तथा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या कोई भी वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील बुढाना क्षेत्र के लोगों से की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने गंतव्य की ओर बढ़ते कांवड़ियों की पूछी कुशलक्षेम

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा रविवार की सुबह शिव भक्त श्रद्धालुओं को जलपान वितरित करते हुए सभी श्रद्धालुओं से उनकी कुशलक्षेम पूछी गयी कि उनको किसी भी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं है। जिस पर सभी कांवड़ियों ने पुलिस के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुज" फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा शिव भक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षा और हरसंभव मदद करने के निर्देश विगत दिवस एक मीटिंग के दौरान बुढ़ाना पुलिस को दिये गये थे। इसी क्रम में आज रविवार की सुबह बुढ़ाना पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र बुढ़ाना में शिव भक्त श्रद्धालुओं को फूटी वित. रित की गयी तथा सभी से उनकी कुशलता पूछी गयी। हर्षोल्लास के वातावरण में बम भोले के नारे लगाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया गया। पुलिस द्वारा शिव भक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा की कामना की गयी और साथ ही शिव भक्त श्रद्धालुओं को बतलाया गया कि महत्वपूर्ण फोन नम्बर हाइवे पर थोडे-थोडे अंत. राल में अंकित हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपरोक्त नम्बरों अथवा 112 नंबर को डायल करें। एकदम जनपद मुज" फरनगर की पुलिस द्वारा आपकी तत्काल सहायता की जाएगी। मुज" फरनगर पुलिस आपकी सेवा सुरक्षा के लिए रात दिन तत्पर है।

### सपा प्रवक्ता कटियार को दिया पीडीए पंचायत का निमंत्रण



**बुढ़ाना।** समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल के द्वारा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना में आगामी 10 अगस्त को होने वाली पीडीए पंचायत को सफल बनाने के लिए फिलहाल समा. जवादी पार्टी के कद्दावर नेताओं से संपर्क किया जा रहा है। उसके बाद इन सभी के आने की अनुमति मिल जाने के बाद वे फिर अपनी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर उनको भी पीडीए पंचायत में आने का निमंत्रण देंगे। इसी कडी में समा. जवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एवं समाजवादी पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान के संयुक्त नेतृव में सपा के वरिष्ठ नेता सतेंद्र पाल के द्वारा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना में आगामी 10 अगस्त 2025 को पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक के अधिकारों के लिए एक भव्य चिंतन पीडीए पंचायत का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मुख्य अतिथि रहेंगे। अखिलेश कटियार राष्ट्रीय सचिव प्रवक्ता सपा एवं सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सपा उत्तर प्रदेश को निमंत्रण सतेंद्र पाल द्वारा दिल्ली कार्यालय पर जाकर दिया गया। पीडीए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की ओर से नरेश उत्तम पटेल को पीडीए जननायक अखिलेश यादव का चित्र देकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान दिल्ली साथ में रहने वालों में रविन्द्र प्रधान जोगी, समाजसेवी चंद्रपाल सिंह सीपी सिंह, सचिन जाटव और रविन्द्र पाल समेत अन्य सपा कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति देखने को मिली।

### हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे शिव भक्त

**भोपा।** भोपा क्षेत्र मे गंग नहर पटरी मार्ग जो डेढ़ दशक पूर्व काँवड़ियों की यात्रा को सुगम बनाने के बनाया गया था। एक ओर वृक्षों की छाँव दूसरी ओर पतित पावनी मां गंगा के आँचल से निकलने वाली गंग नहर की निर्मल धार दोनों के मध्य भगवान शिव शंकर की जय जयकार एक मनोरम छटा को प्रस्तुत कर रही है। उमस व तेज गर्मी की परवाह न कर काँवडिये भव्य काँवड को लेकर अपने गणतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैं।जिनमे महिलाओ व बच्चों का उत्साह देखते बनता है। पवित्र श्रावण मास में शिव भक्त उत्तराखंड के हरिद्वार की हर की पैड़ी से पवित्र गंगाजल लेकर चलते हैं तथा अपने-अपने शिवालों में शिवलिंग पर पवित्र गंगा जल चढ़ाकर भगवान शंकर से अपनी मनोकामना की मनोकामना करते हैं राजस्थान हरियाणा आदि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु शिव शंकर के जयकारों के साथ आगे बढ़ते जा रहे हैं गर्मी व कई सौ किलोमीटर की दूरी पर आस्था भारी पड़ रही है शिव भक्ति में लीन महिलाएं हरियाणा पलवल की रहने वाली कमला देवी 75 वर्ष ने बताया कि उनकी एक टोली है जिसमें पुरुष व बच्चे पच्चीस कावड़ियों की एक टोली बनी हुई है अंगूरी, गोपाली, विमला, अनीता, यस, पंकज, मनोज, रचित, गायत्री, किरण देवी, छोटेलाल, शीतल छोटी भोली, आनंद छोटा भोला आदि कावड़िये अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासी शिव भक्तों की सेवा के लिए कावड़ सेवा शिविरों में शिव भक्तों की सेवा करने में जुटे हुए हैं वहीं शासन प्रशासन भी कावड़ यात्रा को से कुशल संपन्न कराने में तत्परता से जुटा हुआ है।

### कांवड़ मार्ग पर भगवा झंडा लगाए ट्रैक्टर को पुलिस ने किया सीज

**खतौली।** कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस ने रविवार को एक संदिग्ध ट्रैक्टर को नहर पटरी मार्ग पर कई घंटों तक चक्कर लगाते देख रोका और सख्ती से पूछताछ के बाद ट्रैक्टर को सीज कर दिया। वहीं ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

मामला उस समय सामने आया जब भगवा झंडा लगाए एक ट्रैक्टर पर सवार दो युवक कांवड़ मार्ग जीटी रोड पर बार-बार कांवड़ियों के बीच घुमते देखे गए। संदेह होने पर कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ गंगनहर पर ट्रैक्टर को रुकवाया और चालक से कड़ी पूछताछ की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर पर सवार युवक बिना किसी अनुमति या सेवा शिविर के लगातार कांवड़ मार्ग पर चक्कर लगा रहे थे जिससे शिवभक्तों को असुविधा हो रही थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोतवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाने भिजवाया और चालक को हिरासत में ले लिया। प्रशासन ने पहले ही कांवड़ मार्ग पर अनावश्यक वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया हुआ है और बिना अनुमति किसी भी वाहन के प्रवेश पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि ह्कांवड़ यात्रा में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं की आड़ में अव्यवस्था फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों और शिवभक्तों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सतर्कता से ही कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो पाएगी। गौरतलब है कि इन दिनों खतौली क्षेत्र से होकर हजारों की संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर पैदल यात्रा कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की चूक या संदिग्ध गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर रहा है।

# क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण लगा लंबा जाम

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में आज रविवार की सुबह एक तरफ की क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण काफी देर तक कांधला रोड पर घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। इस दौरान दोनों साइडों से छोटे बड़े वाहन फंस गये। जिसके चलते कुछ वाहन चालकों में एक दूसरे से आगे निकलने की होड को लेकर नोकझोक भी हुई।

जौला यूथ क्लब के सदस्यों को जैसे ही जाम लगने की खबर मिली तो वे मौके पर पहुंचे और वाहन चालकों को समझा बुझाकर काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। इस दौरान जाम की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी जाम को खुलवाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान दोनों और काफी लंबा जाम लग गया था और आने जाने वाले वाहन चाल. कों और पैदल के राहगीरों को भी आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जाम लगने का कारण गांव जौला के ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा देवी रोड के पास एक तरफ की पुलिया तो बना दी गयी जबकि दूसरी पुलिया अभी तक भी क्षतिग्रस्त है। जिसके चलते आने जाने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर सैंकड़ों वाहन चालक लंबे जाम के कारण काफी घंटों तक परेशान रहे।

# कांवड़ ड्यूटी कर रहे बिजली पैट्रोलमैन को बिच्छू ने काटा

## एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया, वहां से जिला अस्पताल रैफर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कांवड़ मेले में बिजली व्यवस्था सुचारू रखने के लिए तैनात बिजली विभाग के पेट्रोलमैन सतेंद्र को शनिवार देर शाम डडूटी के दौरान बिच्छू ने डंक मार दिया।

घटना गंगनहर किनारे उस समय हुई जब सतेंद्र विद्युत लाइन की पेट्रोलिंग कर रहे थे। अचानक तेज दर्द और चक्कर आने की शिकायत पर साथियों ने तत्काल अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी और बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल सतेंद्र को एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार, बिच्छू का डंक विषैला था जिससे सतेंद्र की हालत बिगड़ती चली गई। समय रहते उपचार शुरू होने से फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।

बिजली विभाग के जेई कमल कुमार ने बताया कि सतेंद्र मेले में तैनात थे और पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे थे। घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। विभाग ने उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई है।

### लापरवाही पर उठे सवाल

घटना के बाद मेले में डडूटी कर रहे कर्मचारियों और श्रद्धालुओं में भय का माहौल है। नगरवासियों का कहना है कि मेले में लाखों श्रद्धालु गंगाजल लेने गंगनहर पर पहुंचते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से जहरीले कीड़ों, बिच्छुओं और सांपों से सुरक्षा के कोई विशेष उपाय नहीं किए गए हैं।

### कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की मांग

स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से गंगनहर किनारे और आसपास के मार्गों पर नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में कांवड़िए दिन-रात रुकते हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की जहरीली जीव-जंतु की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। लोगो का कहना था कि पालिका प्रशासन केवल दिखावे के लिए दावे कर रहा है, जबकि जमीन पर व्यवस्थाएं नाकाफी हैं। यदि समय रहते गंगनहर पर कीटनाशक छिड़काव कराया जाता तो इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकती थीं।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर मंथन

**खतौली।** समाजवादी पार्टी विधानसभा खतौली की मासिक बैठक रविवार को जिला सचिव पंकज सैनी के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने की, जबकि संचालन एडवोकेट अभिषेक गोयल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ब्रजराज सैनी रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर बूथ की मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें और जिन पात्र मतदाताओं का नाम सूची में नहीं है, उन्हें शामिल कराएं। वहीं, अपात्र नामों को सूची से हटवाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित कराएं। वरिष्ठ सपा नेता इरशाद गुर्जर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करें और संगठन को मजबूत बनाने का काम करें, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशी विजयी हों। विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने 'हर बूथ पर दस यूथ' का नारा दोहराते हुए युवाओं को जोड़ने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार जनहित और विकास के मुद्दों पर काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और लगन से संगठन को मजबूती प्रदान करें और आम जनता की समस्याओं के समाधान में सहयोग करें। इस दौरान श्लोक चौधरी खानपुर ने अपने साथियों संग समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक में जिला सचिव इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी, प्रदेश सचिव सुनील सैनी, अरशद खान (पूर्व सभासद), शकील अंसारी ‍पूर्व सभासद), गजेंद्र प्रधान (जिला सचिव), नगर महासचिव देवेंद्र कुमार, विधानसभा महासचिव शादाब परदेशी, एडवोकेट दानिश काजी, नगर उपाध्यक्ष नईम मलिक, कय्यूम अंसारी, महिपाल सैनी, आफाक पठान, कफील अहमद, यूथ ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष खिजर काज़ी, शराफत, बबलू सैनी, रवि कुमार, अंकित पाल, राहुल कश्यप, ललित वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मल्हूवाला कब्रिस्तान में दो गुटों के बीच फायरिंग

**चरथावल।** रविवार को मल्हूवाला कब्रिस्तान में दो गुटों में विवाद के चलते फायरिंग होने की सूचना कस्बे में आग की तरह फैल गयी। कब्रिस्तान में खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गयी।अचानक फायरिंग होने की सूचना पर पुलिस दौड़ी, लेकिन तब तक आरोपित फरार हो गये थे। आरोपितों की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।जांच के बाद आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

चरथावल के युवाओ और निकटवर्ती ग्राम हैबतपुर के युवाओं में इंस्टाग्राम पर रील बनाने को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर गाली गलौज से शुरू होकर विवाद करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग पर समाप्त हुआ। कस्बे के मल्लूहवाला कब्रिस्तान के मैदान पर दोनों पक्ष झगड़ा करने को लेकर इंस्टाग्राम पर स्टोरी लग रहे थे। रविवार देर शाम अचानक दर्जनों फायर से मोहल्लेवासी सहम गए। फायरिंग की सूचना पर थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल शुरू करते हुए सीसीटीवी खंगाले। प्रथम ख्रटडा मामले में हैबतपुर के आधा दर्जन युवा अवैध हथियारों से फायर करते हुए कैमरा में कैद हुए हैं। चरथावल थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह का कहना है कि फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। जांच में दो पक्षों के झगड़े में एक पक्ष द्वारा फायरिंग सामने आई है। तहरीर प्राप्त होते कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### भाजपाइयों ने चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित एक फार्म हाऊस पर भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रजलाल सिंह के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक उमेश मलिक तथा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर बारी बारी से जामुन और अमरूद आदि के छायादार पौधे लगाते हुए पौधारोपण का संदेश दिया। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय शूटर मोनू मलिक, भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना के मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल, भारतीय जनता पार्टी बुढाना के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उकावली, डॉक्टर सतेंद्र आर्य, हिमांशु संगल, अंकुश राठी, प्रवीण राणा हीरो होंडा एजैंसी बुढ़ाना के आनर, पवनीश चौधरी, नीटू शर्मा, रणवीर सिंह मलिक, अनु चौधरी और रविंद्र कुमार सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

# संगठनों का विलय कर एकता से समाज होगा मज़बूत : सुधीर सैनी




**मोरना।** ककरौली -जानसठ मार्ग स्थित गांव खाईखेड़ा में सैनी संसद अधिवेशन आयोजित किया गया।जिसमे सैनी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने एक जुटता का आह्वान किया व युवा पीढ़ी से उच्च शिक्षा व उच्च संस्कार ग्रहण करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि जनपद में सैनी समाज के अनेक संगठन समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी संगठनों का विलय कर एक संगठन बनाकर मजबूती से कार्य करें। ग्राम इकाई व बूथ तक गठन करें। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं और शिक्षित तथा सभ्य समाज की स्थापना मे योगदान दें। संस्कारी बच्चे देश के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करते हैं। बच्चों की शादी की चिंता न कर उनके भविष्य के लिए योजना बनाएं। 2017 के पूर्व प्रदेश मे सरकारी नौकरियो की स्थिति खराब थी। अब भाजपा सरकार में किसी खर्चे व भेदभाव के बिना युवाओं को नौकरी मिल रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजपाल सैनी ने कहा कि सैनी समाज मे बेहद सादगी है। राजनीतिक ताकत की प्रत्येक समाज को जरूरत है। राजनीति मे अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। जो आपके समाज का विरोध करें उसे जवाब दो। लकीर का फकीर न बनकर संघर्ष करना सीखो। अपने बच्चों का ध्यान रखो व उन्हें पढ़ाओ। समाज की एकजुटता के लिए भविष्य में पांच हजार ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गांव-गांव में रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनारसी दास प्रधान व संचालन राजेंद्र सैनी ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बेहड़ा सादात सुबोध सैनी, प्रवीण सैनी, विमल सैनी, नवीन सैनी, जगतसिंह सैनी, जयभगवान सैनी, सुक्रमपाल, क्रांतिकारी शालू सैनी, राजू सैनी, विकास सैनी आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा के साथ कांवड़ियों के लिए सर्वोपरि है सुविधाः डॉ. वीरपाल निर्वाल



**भोपा।** जैसे-जैसे श्रावण मास का पावन पर्व महाशिवरात्रि निकट आ रहा है।आस्था का सैलाब कांवड़ मार्ग पर अपने चरम पर पहुंचता जा रहा है। गंग नहर पटरी पर हजारों शिवभोले कांवड़ लेकर मनोक. ामनाओं की सिद्धि हेतु अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं।

शिवभक्तों की सेवा और सुरक्षा हेतु प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जगह-जगह कांवड़ सेवा शिविर स्थापित किए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी व्यापक स्तर पर लाइटिंग, साज-सज्जा, चिकित्सा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।रविवार कों जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भोपा क्षेत्र और आसपास के कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। तथा व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए श्रद्धालुओं से सीधे संवाद कर उनकी जरूरतों और संतुष्टि के बारे में जानकारी ली। डॉ. निर्वाल ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सेवा शिविरों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे और कोई भी कांवड़िया चिकित्सा सुविधा से वंचित न हो। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, भाजपा नेता ब्रजवीर सिंह, रामकुमार शर्मा, योगेश कुमार, मनोज कुमार, महिपाल राठी समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शामली बस स्टैंड पर 13 दुकानें सीज, करोड़ों का सामान कैद

## बिना पूर्व सूचना के प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कंप, दुकानदारों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सम्पत्ति विवाद में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर रविवार को पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने चौसाना के शामली बस स्टैंड स्थित 13 दुकानों को सीज कर ताले जड़ दिए। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने विरोध जताते हुए कहा कि बिना किसी नोटिस के दुकानें सील करना अन्याय है। वहीं पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है।



### विवादित जमीन पर खड़ा है पूरा बाजार

बताया जा रहा है कि चौसाना के शामली बस स्टैंड पर खसरा नम्बर 881, 882, 883 व 884 में बनी दुकानें वर्ष 1981 में बैनामे के माध्यम से बेची गई थीं। मगर वर्ष 2003 में विद्यावती नामक महिला द्वारा गणेश बिंदल के पक्ष में एक हस्तलिखित वसीयत तैयार कराई गई, जिसे नियमविरुद्ध राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिया गया। इस पर विवाद शुरू हो गया और गणेश बिंदल ने वसीयत के आधार पर एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया।

### धारा 145 और 165 के तहत हुई कार्रवाई

गणेश बिंदल की ओर से की गई शिकायत पर एसडीएम कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की। पुलिस रिपोर्ट और दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने विवादित भूमि को धारा 165 के अंतर्गत कुर्क कर थानाध्यक्ष को सुपुर्द करने के आदेश दिए।

इसी आदेश के तहत रविवार को नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार व थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकानों पर प्रशासन का ताला जड़ दिया।



### हमें नहीं दिया गया समय

दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें दुकानें खाली करने का कोई समय नहीं दिया गया। दुकानें बंद कर दिए जाने से उनका करोड़ों का माल अब कानूनी पचड़े में फंस गया है। दुकानदारों ने मांग की कि कोर्ट से स्टे की जानकारी देने के बावजूद प्रशासन ने जल्दबाजी में कार्रवाई की है।

### इन दुकानदारों की दुकानें सीज

प्रशासन ने जिन दुकानदारों की दुकानें सीज की हैं, उनमें मुनेश, गुल्लू, नदीम, आशू, दिलशाद, गुड्डू, अली, गय्यूर, शहनवाज और इसरार शामिल हैं।

### थानाध्यक्ष बोले-कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सम्पत्ति विवाद में एसडीएम कोर्ट के आदेश के तहत ही कार्रवाई की गई है। दुकानदारों से कहा गया है कि वे अपनी बात न्यायालय में रखें।

### आरोप: स्टे के बावजूद हुआ प्रशासनिक शोषण

दुकानों के स्वामी वसीम रजा ने बताया कि सहारनपुर आयुक्त ने 19 जून को वसीयत के खिलाफ स्टे दिया था। बावजूद इसके, प्रशासन ने जानबूझकर स्टे को दरकिनार करते हुए कार्रवाई की है। दुकानदारों ने इसे जबरन शोषण करार देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सभासद व पत्रकार के खिलाफ अभियोग से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जलालाबाद कस्बे मे स्वकर प्रणाली के सर्वे के लिए शासन द्वारा हायर की गई कम्पनी के स्थान पर नगर पंचायत कर्मचारियों को भेजकर सर्वे कराने का सभासद द्वारा विरोध करना इतना नागवार गुजरा कि नगर पंचायत कर्मचारियों ने सभासद के साथ पत्रकार के खिलाफ भी अभियोग पंजिकृत करा दिया। जिसको लेकर पत्रकारो मे भारी रोष है।

अपनी कार्यशैली से विवादों में रहने वाले थानाभवन जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा व नगर पंचायत कर्मचारियो द्वारा स्वकर प्रणाली का विरोध करने वाले सभासद राकेश शर्मा व उसके भाई पत्रकार आदेश शर्मा के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है पत्रकार के खिलाफ फर्जी अभियोग पंजीकृत कराने से पत्रकारों में भारी रोष है बोर्ड बैठक में सभासद राकेश शर्मा ने मुखर होकर स्वकर प्रणाली के विरोध में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पडने वाले कर भार की बात रखी थी। माना जा रहा है कि विरोध करने पर ही सभासद व पत्रकार के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर जा रहा है इस संबंध में पत्रकारों की बैठक हुई जिसमें पत्रकार के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर रोष प्रकट करते हुए मुकदमे को खारिज करने की मांग की गई।बैठक मे प्रेस क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र चिकारा, अमित गोयल, विकास कुमार, सत्यम गोयल, मोनू भार्गव आदि शामिल रहे।



शामली। व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अधीनस्थ।



गुलजारी वाला शिव मंदिर का 13वां विशाल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ।



शामली। राह से गुजरते कांवड़िए। छाया शाह टाइम्स

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन हुआ मुस्तैद, व्यवस्थाएं परखी

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** रविवार को नगर पालिका ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा कावड़ मेला के दौरान नगर पालिका अधिकारियों को साथ लेकर निरीक्षण किया। उन्होने कांवड मार्ग पर कांवड यात्रा के दौरान रंगोली बनाने के निर्देश दिए है। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से अपील की कि कावड़ यात्रा के दौरान अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, जानकारी दी की बरसात के मौसम में कावड़ मार्ग पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

साथ ही कावड़ियों की जनगणना करने के लिए 24 घंटे में तीन शिफ्ट लगाकर दो-दो कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं जो नगर क्षेत्र से होकर गुजरने वाले कावड यात्रियों की जनगणना करेंगे। रविवार देर शात तक कुल 6914 शिव भक्त नगर क्षेत्र से होकर अपने गणतंत्र की ओर आगे प्रस्थान कर चुके हैं। मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, जेई निर्माण विभाग कांत राणा, जेई जल-कल विभाग हर्षित गर्ग, शशिकांत पाहिवाल, राजकुमार, शिवा, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** रविवार को कांवड मार्ग पर विभिन्न कांवड सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। कांवड सेवा शिविरों में पहुंचे विभिन्न जन प्रतिनिधियों द्वारा भगवान शिव के भक्तों की सेवा की। कांवड शिविर में भोले बाबा के भक्तों के लिए दूध, फल, भाजन, विश्रान, स्नान तथा मेडिकल सुविधा का प्रबंध किया गया था।

रविवार को शहर क गुलजारी वाला शिव मंदिर का 13वां विशाल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया। सवेरे हवन यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य यजमान महंत शैलेन्द्र गिरी महाराज रहे। पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया। हवन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम सहित शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे समाजसेवी लोगों ने आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया। शिविर में पहुंचे कांवडियों के लिए भोजन की उचित व्यावस्था की गई थी। मौके पर महेश धीमान, सुरेश, राजेश तायल, मोनू चौधरी, रामकुमार कपूर, सतेंद्र धीरयान एडवोकेट, राजीव, रोहतश, रामबीर आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मंदिर हनुमान धाम पर भी कावड़ महोत्सव प्रारंभ हो चुका हैं। जिसमें शनिवार देर शाम हनुमान धाम शामली पर कावड़ सेवा शिविर मे शिव भक्त कांवड़ियों के लिए हर प्रकार की व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया है जैसे शिव भक्त कावड़ियों के विश्राम की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, जलपान की व्यवस्था, चिकित्सा की व्यवस्था आदि की गई थी। इस अवसर पर रमेश धीमान, वंश नामदेव, संदीप नामदेव, शिवम गिरी, संजीव वर्मा, आशु निर्वाल, गुरु शरणम रोहिल्ला, नमन कर्नवाल, मोहित कश्यप, अमित प्रजापति, भोला शर्मा, मोंटी शर्मा आदि मौजूद रहे। वही शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर में कांवडियों को भोजन, दूध, फलाहार कराया गया। इस दौरान कांवडियों की सेवा में डा. अक्षय, डा. नदीम आदि की टीम लगी रही।



शामली। सुरक्षा के तहत जायजा लेते एसपी।

**शामली।** रविवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवडियों की संख्या में शहर में बढ गई। सावन के तीसरे दिन सडकों पर शिवभक्तों की लाईने दिखाई दिए। शिवभक्त पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे। हरियाणा के हिसार निवासी 25 युवा शिवभक्त कांवडियों की टोली भी शामली पहुंची। टोली में शामिल सागर, अमन, अन्नू, अनिल, शुभम, शिवांग आदि ने बताया कि वह अलग अलग 31, 51, 26, 11, 24 किलोग्राम वजन की कांवड लेकर जा रहे है। यह उनकी दूसरी कांवड है। उन्होने अपने परिवार की सुख शांति और मां पिता की दीर्घायु की भगवान शिव से मनोकाना मांगी है। इसके अलावा हरियाणा के चरखी दादरी महिला सुमन अपने पुत्र के साथ कांवड लेकर पहुंची। उसने बताया कि वह जहां भी जाती थी उसके पीछे सांप पड जाते थे, जिससे वह काफी परेशान थी, लेकिन जब से उसने भोलेनाथ की कांवड लानी शुरू की है उसको किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो रही है।

**कैराना।** एसपी शामली रामसेवक गौतम कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने यमुना घाट पर स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। एसपी ने कांवड़ मेले में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

श्रावण मास के शुरू होते ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर जाने वाले पैदल शिवभक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वहीं, कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्रातः करीब 11 बजे एसपी शामली रामसेवक गौतम कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। एसपी ने यमुना ब्रिज पर ड्रोन उड़वाकर कांवड़ मार्ग की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रोन कैमरे के माध्यम से हरियाणा की ओर स्थित ब्रिज के अंतिम छोर व यमुना बांध के आसपास की स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को यमुना घाट पर निरन्तर गश्त करने व अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने ब्रिज पर स्थित पुलिस चौकी के अंदर बनाए गए कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में भी जानकारी की। साथ ही, ऑपरेटर को सीसीटीवी कैमरों से चारों ओर निगरानी रखने के निर्देश दिए। एसपी ने लागू किए गए ट्रैफिक डायवर्जन को सख्ती के साथ पालन कराने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने केवल सड़क मार्ग का ही नही, बल्कि पानी में की गई व्यवस्थाओं का भी गहनता से जायजा लिया। एसपी लाइफ जैकेट पहनकर शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए लगाई गई पीएसी की मोटर बोट में सवार हो गए। इसके पश्चात, उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों एवं पीएसी के जवानों के साथ में यमुना का निरीक्षण किया। एसपी ने यमुना घाट पर शिवभक्तों के सुरक्षित स्नान के लिए कराई गई बैरिकेडिंग का भी जायजा लिया। उन्होंने यमुना घाट पर स्नान करने वाले शिवभक्तों को गहरे पानी में जाने से बचने के लिए निरंतर अनाउसमेंट करते रहने को कहा। एसपी ने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना पुलिस-प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कैराना से हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली आदि जगहों के शिवभक्त कांवड़िए होकर गुजरेंगे। ऐसे में यहां से गुजरने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस-प्रशासन का उत्तरदायित्व बनता है। एसपी ने कांवड़ मेले में लगे पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपनी ड्यूटी करने को कहा है। साथ ही, ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के लिए भी चेताया है। इस दौरान सीओ श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, यमुना ब्रिज चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



शामली। गोताखोरों की भी की गई है व्यवस्था।

## एक नजर

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ़ में 14 को लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह द्वारा बताया गया है, की जनपद शामली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना, जिला कार्यकम प्रबन्धन इकाई कौशल विकास मिशन शामली एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान से एक वृहद रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) लिसाढ, स्थित मेरठ करनाल मार्ग में दिनांक 14.7.2025 को आयोजित किया जाएगा एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ में दिनांक दिनांक 15.7.2025 को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय/निजी आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा कौशल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

### स्कूलों में सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीनें लगाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जिले के तीन स्कूलों में निशुल्क सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीनें लगाई है। रविवार को शहर के वीवी पीजी कॉलेज शामली, जगवती जगबीर गर्ल्स इंटर कॉलेज बुटराड़ा, लाला इंद्रसेन इंटर कॉलेज बाबरी में लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा सैनिट्री पैड डिस्पेंसर मशीने लगाई। बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि किशोरियों को मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर जागरूक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे बिना किसी असहजता के शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ सकें। वही दूसरी ओर क्लब द्वारा मालेंडी स्थित गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल हॉस्पिटल में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ इस सेवा मुहिम को और मजबूती दी गई।

### गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने गए वृद्ध के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव हिंगोखेड़ी में गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने गए वृद्ध को मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित वृद्ध के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को दो लोगो के खिलाफ मामले की तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव हिंगोखेड़ी निवासी ऋतिक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत शुक्रवार को शाम करीब साढ़े आठ बजे उसका पिता भोपाल गांव में ही स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पर मौजूद दो लोगो ने उसके पिता के साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पिता के साथ में मारपीट करते हुए उसका कुर्ता फाड़ दिया। आरोपियों ने उसके पिता को जान से मारने की भी धमकी दी। आरोपियों के हमले में उसके पिता की छाती व हाथ में गहरी चोट आई है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मारपीट में घायल बुजुर्ग का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नपा चेयरमैन के खिलाफ 10वें दिन भी धरने पर डटे रहे सभासद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन रविवार को 10वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान आजाद किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर सभासदों को अपना समर्थन दिया। विगत चार जुलाई से पालिका प्रांगण में नगरपालिका के कुछ निर्वाचित सभासद धरना-प्रदर्शन कर रहे है। धरनारत सभासदों ने पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाए है। रविवार को सभासदों के धरने का 10वां दिन था। इस दौरान आजाद किसान यूनियन के पदाधिकारी नगरपालिका में चल रहे धरनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने सभासदों के धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। विदित रहे कि नगरपालिका में भूख हड़ताल पर बैठे पांच में से चार सभासदों की हालत खराब हो चुकी है, जिन्हें उपचार दिलाया गया है।

### जानलेवा हमले का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। विगत 27 अप्रैल को नौशाद निवासी ग्राम मण्डावर ने कोतवाली पर घर में घुसकर, गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था। रविवार को वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी हाशिम निवासी ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।



शामली। उपाध्याय समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। छाया शाह टाइम्स

# उपाध्याय समाज को मजबूत बनाने का आह्वान

**शामली।** शहर के मौहल्ला बरखंडी रोड पर उपाध्याय समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय, प्रदेश सचिव सतीश उपाध्याय ने समाज को मजबूत करने का निर्णय लिया।

इस दौरान बड़ौत निवासी चंद्रपाल उपाध्याय को समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। सुरेश उपाध्याय भिक्की देह को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, डॉक्टर मुनेश उपाध्याय बिजनौर को राष्ट्रीय सचिव बनाया। प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी स्वच्छ छवि एवं प्रभावशील व्यक्ति है। इनके आने पर समाज को मजबूती मिलेगी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय, रोहित उपाध्याय, कविता उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय, मांगेराम उपाध्याय, धर्मपाल भारद्वाज, सोनिया नागवांन, सतीश उपाध्याय, रामफल उपाध्याय, सोनू कुमार, कविता उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मंच के कार्यों को गिनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के पदाधिकारियों की एक बैठक ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में आयोजित की गई, जिसमें भारत तिब्बत सहयोग मंच के 25 वर्ष पूर्ण होने और 26वें वर्ष में चलने पर मंच के कार्यो को गिनाया गया।

रविवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांतिकेयर हॉस्पिटल में भारत तिब्बत सहयोग मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी, व जिलाध्यक्ष कुशांक चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी ने कहा कि संगठन का मैन उददेश्य अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की सुरक्षा की बात करना है। भारत तिब्बत सहयोग मंच एकमात्र ऐसा संगठन है जो पूरी दुनिया में नेशनल स्तर पर भारत की सीमाओं की सुरक्षा का मुददा उठाता है। कहा कि हमारा संगठन तिब्बत की सुरक्षा की मांग करता है। कहा कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए लगातार जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि चीन मनमाने तरीके से विभिन्न देशों की भूमियों पर अवैध कब्जा कर रहा है, जिसका पीछे हटाना होगा। इस दौरान भगवान शिव के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे से मुक्त कराने की शपथ भी ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी, प्रांत अध्यक्ष युवा विभाग अभिषेक, निशांत, गौरव, अरविन्द आदि मौजूद रहे।




# जीवन में वाणी का बड़ा प्रभाव है: स्वरूपानंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** संध्या सत्संग में प्रवचन करते हुए संत ने सत्संग महिमा वाणी का प्रभाव और सूक्ष्म जगत के ज्ञान के लिए तीसरे और दिव्य चक्षु के बारे में समझाते हुए श्रद्धालुओं को जीवन जीने के तरीकों को समझाया। गीता सत्संग भवन में धार्मिक भक्त समाज के नेतृत्व में चल रहे नियमित संध्याकालीन सत्संग में संत स्वरूपानंद गिरी ने प्रवचन करते हुए श्रद्धालुओं को सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि जीवन में वाणी का बड़ा प्रभाव होता है। .ष्टांत में द्रोपदी का कथन, अंधे का अंधा, को लेकर महाभारत होना बताया। जिसमें कुरुक्षेत्र के मैदान में 18 क्षोणिक सेना का संघार हुआ। संत ने कहा की सदगुरु की कृपा से दिव्य दृष्टि मिलती है।

# नाला निर्माण में अनियमितता पर जांच को पहुंचे जेई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद में विकास कार्यो को लेकर सभासदो द्वारा अपर जिलाधिकारी कई उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई थी जिसके बाद जेई ने मौके पर पहुंच कर जांच की और ठेकेदार को नियमानुसार कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जलालाबाद में वार्ड 4 में मेला ग्राउण्ड से लेकर मिटठी कुई शिव आश्रम तक नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण व मेला ग्राउण्ड में इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य चल रहा है। वार्ड 4 के सभा धर्मवीर सैनी, सभासद इस्हाक सैफी, राकेश शर्मा व वार्ड 12 की सभासद नसीमा प्रति. निधि राशिद द्वारा उक्त कार्यो में ठेकेदार द्वारा मानको के विरुद्ध कार्य करने की शिकायत अपर जिलाधिक. ारी शामली को की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपर जिला अधिकारी ने नगर पंचायत के जेई योगेश कुमार



को सडक व नाले की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए थे । जेई द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त कार्यो की जांच की जिसके बाद इंटरलॉकिंग के नीचे बिछाया जा रहा रोडा पाए जाने पर मानक के अनुसार रोडा डालने के निर्देश दिए साथ ही ठेकेदार द्वारा बनाए गए नाले में पानी खडा पाया गया जिसके लिए ठेकेदार से फटटी आदि डालकर उसके ढाल को जांचा गया । जिसके बाद जेई ने बताया की नाला निर्माण की ठीक प्रकार से जांच कराई जाएगी कमी मिलने पर नियमानुसार उसे ठीक कराया जाएगा। वही मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता सभासदो ने बताया कि नाले का ढाल ठेकेदार द्वारा कई स्थानो पर उचा किया गया है। जिस कारण पानी की निकासी ठीक से नहीं हो रही है। नाले में कई फीट तक पानी खडा रहता है। जिससे नाले में मच्छर पैदा हो नाले में गंदगी भरी रहती है । सभासद धर्मवीर सैनी और राकेश शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा इस नाले की टक्निकल जांच कराने की जिलाधिकारी महोदय से मांग की जाएगी साथ ही निर्माण कार्यो मे लगातार बरती जा रही अनियमित. ताओ को लेकर उनके द्वारा लोकायुक्त से जांच कराने का विकल्प भी है। वही जांच की सूचना पर चेयरमैन जहीर मलिक व अन्य सभासद भी मौके पर पहुचे व ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य करने के आदेश दिए।

# बारिश से शहरभर में जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत शनिवार देर रात्रि हुई मूसलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में जलभराव हो गया। कई स्थानों पर लोगों के घरों में पानी भर गया और परेशानियों का सामना करना पडा। रविवार को सडकों पर कीचड फैला रहा और लोगों को आने जाने में दुश्वारियां हुई।

गत शनिवार देर रात अचानक आसमान में काले बादल छाए गए और मूशलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटा चली मूशलाधार बारिश से पूरे शहर में जलभराव हो गया। गली मौहल्लों में पानी भरा रहा। कई स्थानों पर जलभराव दिन निकलने तक रहा। शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, बरखंडी रोड, कलंदरशाह, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, कबाडी बाजार आदि स्थानों पर जल भराव होने से नागरिकों को दिक्कते हुई।

रविवार सवेरे जब लोग घरों से बाहर निकले तो सडकों पर कीचड



फैला हुआ था। बाजारों में दुकानदारों ने दुकाने खोली तो उन्होने देखा कि सामान भीग गया है और हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। शहर के बरखंडी रोड पर तो सडक पर पानी दोपहर तक भरा रहा। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा शहर में कोई विकास कार्य नही कराए जा रहे है। सिर्फ विकास कार्यो के नाम पर बोर्ड लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होने सडकों का निर्माण कराने के साथ साथ नाले और नालियों का निर्माण कराने की मांग की है।

# विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने योगेंद्र मलिक को बनाया जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को विश्व जाट महासभा की एक बैठक शहर के कैराना रोड स्थित एक रेस्तरां में आयोजित की गई, जिसमें पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरपाल सिंह जाट ने शामली निवासी योगेन्द्र मलिक को जिलाध्याक्ष नियुक्त किया। बैठक में समाज की एकता और समाज में फैली ेकुरूतियों को दूर करने का निर्णय लिया गया।

रविवार को आयोजित बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरपाल सिंह जाट कहा के जाट समाज का गौरव शाली इतिहास रहा है। उसकी लय को आगे बढाते हुए जाट समाज में फैली कुरितयों दूर करे। समाज में फैले आपसी मतभेद को दूर करे और समाज की समस्याओ का आपस में बैठकर निराकर कराए। समाज की



उनत व प्रगति के लिए जाट समाज को हम सब लोग मिलकर आगे बढाने के लिए सघर्ष करेगे।

आने वाली पीढी की उन्नति व प्रगति के लिए विश्व जाट महासभा से सम्बन्धित सभी पदाधिकारियो ने मिलकर सकल्प लिया कि समाज की उन्नति व प्रगति के लिए सदैव कार्य करते रहेगे। इस दौरान योगेन्द्र मलिक को जिलाध्याक्ष नियुक्त किया। सभा का सचालंन धीरज तोमर ने किया। इस अवसर पर



लवली मलिक चौयरमैन, विनय पंवार भैसवाल, विनोद मलिक, देशराज भनेडा, नरेश मलिक, राजीव मलिक, सतीश राणा, ऋषिपाल सिंह, देवेन्द्र फौजी, प्रदीप प्रधान, बिल्लू प्रधान, सतपाल सिह, हरबीर सिंह, जसपाल सिंह, लोकेन्द्र मलिक, रविन्द्र मलिक, धमेन्द्र यारपुर, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार सवार ने बाइक सवार दो लोगों को मारी टक्कर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के बलवा चौराहे पर कार सवार ने बाईक सवार दो लोगों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस ने आरोपी कार सवार को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा निवासी पप्पू पुत्र धर्मी व रामकुमार पुत्र छोटा रविवार को बाईक पर सवार होकर किसी काम से शामली आ रहे थे। बताया जाता है कि जब वह दोनों शहर के बलवा चौराहे पर पहुंचे तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे कार सवार ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार दोनों लोग देर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। शहर के बलवा चौराहे पर आए दिन हादसे होने से ग्रामीणों में रोष बढता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हादसों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की।

### राज्य में वायुयानों के मेंटीनेन्स, रिपेयर एवं ओवरहॉल सुविधाओं के लिए हुआ नीति का निर्धारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि नागर विमानन क्षेत्र में हो रहे निरन्तर विकास के दृष्टिगत प्रदेश में वायुयानों के Maintenance Repair And Overhaul Hubs की स्थापना किए जाने के संबंध में शासन स्तर पर पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु नीति बनाई गई है। इसके तहत निवेशकों को सब्सिडी के द्वारा लाभ प्रदान किया जाएगा। अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि शर्तों के अधीन राज्य में एम.आर.ओ. की स्थापना के लिए किए जाने वाले 500 करोड़ रुपये तक के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 5 प्रतिशत सब्सिडी, 500 से 1,000 करोड़ के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 8 प्रतिशत तथा 1,000 करोड़ से ऊपर के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 12 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी का भुगतान वाणिज्यिक सेवा प्रारम्भ होने के वित्तीय वर्ष के पश्चात अगले वित्तीय वर्ष से प्रारम्भ होकर अगले 5 वित्तीय वर्षों में समान किश्तों में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि एम.आर.ओ. की स्थापना करने वाली इस नीति के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त प्रदेश सरकार की किसी अन्य नीति में कोई अन्य सुविधा देय नहीं होगी तथा प्रस्तावित नीति के अन्तर्गत कैपिटल इनवेस्टमेंट सब्सिडी के अतिरिक्त अन्य कोई सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एम.आर.ओ. की स्थापना करने वाली इकाई के लिए यह अनिवार्य होगा कि लैटर ऑफ कमफर्ट जारी होने के 5 वर्ष के अन्दर वाणिज्यिक सेवा अनिवार्य रूप से प्रारम्भ हो जाए। एम. आर.ओ. नीति में किसी प्रकार के परिवर्धन अथवा परिवर्तन के स्थिति में भविष्य में यथा आवश्यकतानुसार निर्णय लेने हेतु मुख्यमंत्री अधिकृत है। उत्तर प्रदेश में एम.आर.ओ. नीति का लाभ उन्हीं इकाईयों को अनुमन्य होगा जिसके आवेदन पत्र 31 दिसम्बर 2026 तक नीति के अन्तर्गत एम.आर.ओ. की स्थापना हेतु नागरिक उड्डयन विभाग में प्राप्त हो जाएंगे।

### बूथ स्तर पर करें संगठन को मजबूत: आकिब राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर नगराध्यक्ष माजिद राणा के आवास पर आयोजित यूवा कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम मे बोलते हुए यूवा कांग्रेस जनपद संगठन सृजन प्रभारी आकिब राणा ने कहा कि यूवा संगठन की रीढ होता है। संगठन सृजन का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक करना। जनपद की तीनों विधानसभाओं मे संगठन की दुरुस्ती के लिए कमेटियों का सत्यापन किया जाएगा। युवा प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने कहा कि वर्तमान सरकार मे भ्रष्टाचार व्याप्त है। यूवा वर्ग रोजगार की तलाश मे दर दर की ठोकर खा रहा है। जिला युवा कॉर्डिनेटर सलमान राणा ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का ही होगा। युवा जिला महासचिव नासिर चौधरी व जिला प्रवक्ता जुबैर चौधरी ने कहा कि देश के बेहतर भविष्य एवं अमन के लिए कांग्रेस जरुरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव डॉ चयन सिंह पुण्डीर ने की उन्होंने उपस्थित वक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम मे जिला यूवा उपाध्यक्ष वीशू शर्मा, अशवनी कौशिक,प्रोफेसर निर्भय सिहं, जिलाउपाध्यक्ष समशीर खान,रामलाल कश्यप, संदीप शर्मा, सुमित कौशिक, अंशुल शर्मा, सुबोध कोरी,सुनील कश्यप पलठेडी, अर्पित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार पर मुकदमे की निंदा, दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

**जलालाबाद।** जलालाबाद में प्रैस क्लब जलालाबाद की बैठक मोती बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई जिसमे दो दिन पूर्व नगर पंचायत द्वारा पत्रकार आदेश शर्मा समेत उनके सभासद भाई राकेश शर्मा पर फर्जी मुक. दमा दर्ज कराने की निंदा की गई। नगर पंचायत के कर्मचारियो द्वारा स्वकर प्रणाली की आड में उनके मकान में नियम विरुद्ध घुसने वाले कर्मचारियो पर भी मुकदमा दर्ज कराने की मांग पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम से की है। जलालाबाद मे नगर पंचायत के भ्रष्टाचार को लगातार उजागर करने वाले पत्रकारो के खिलाफ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी लगातार षडयंत्र रचने का कार्य कर रहे है। पत्रकारो द्वारा द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत जिला. धिकारी से लेकर शासन मे की गई है। विगत शुक्रवार की दोपहर नगर पंचायत के 10-12 कर्मचारी पत्रकार आदेश शर्मा के आवास मे घुस गए एवं उस वक्त पत्रकार अपनी किरयाना की दुकान में बैठे थे सवाल पूछने मात्र पर ही अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने अधिनस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कुलद. ीप से सरकारी कार्य का मुकदमा थाने में पहुंचकर दर्ज करा दिया। पत्रकारो ने एक स्वर में इसकी निंदा करते हुए पत्रकारो के तमाम संगठनो को इस उत्पीडन के विषय में अवगत कराने का निर्णय लिया। पत्रकार पर मुकदमा पुलिस महानिदेशक के उस आदेश की अवहेलना है। बैठक मे रविन्द्र शर्मा, नसीम राही, आदेश शर्मा, सोनू शर्मा, शावेज खान, शमी खान, शेखर उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# खोडसमा में ट्रॉली में घुसी कार, पांच घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दिल्ली में पकड़े गए भाई को छुड़ाने निकले चौसाना निवासी चार भाई और ताऊ हादसे का शिकार हो गए। खोडसमा गांव के पास पुराल से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में तेज रफ्तार कार जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रॉली में फंस गई और ट्रैक्टर करीब तीन सौ मीटर तक उसे घसीटता चला गया। राहगीरों ने ट्रॉली रुकवाकर सभी को बुरी हालत में बाहर निकाला। सभी को करनाल के हरि अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कार चला रहा वाजिद और ताऊ रिजवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे हुआ। चौसाना निवासी वाजिद, उसके भाई राशिद, वाहिद, अबरार और ताऊ रिजवान दिल्ली में रेलवे पुलिस द्वारा पकड़े गए अपने लापता भाई को लेने निकले थे। दो दिन से गायब यह भाई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट पकड़ा गया था। परिवार को सूचना मिली तो ए लोग रात दो बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। खोडसमा गांव के पास आगे चल रही पुराल से भरी ट्रॉली को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आता वाहन देख वाजिद ने कार ट्रॉली की ओर सटा दी, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सीधी ट्रॉली में जा घुसी। टक्कर के बाद कार बुरी तरह फंस गई और ट्रैक्टर उसे घसीटता रहा। राहगीरों ने ट्रैक्टर रुकवाया और बुरी तरह पिचकी कार से सभी को निकाला। पांचों को करनाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्रॉली व चालक को कब्जे में लिया।

# सुरेश राणा ने किया कार्यकारिणी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन मंडल की भाजपा कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के बाद पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने अपने कैंप कार्यालय पर कार्यकारिणी का पटका पहनकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर बोलते हुए सुरेश राणा ने कहा कि कार्यकारिणी पूरे मंडल से चुनकर बनाई गई है पार्टी के कार्य कर्मों को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी कार्यकारिणी की होती है । यदि कार्यकारिणी के पदाधिकारी गंभीरता के साथ पार्टी की रीती नीतियों पर कार्य करेंगे तब पार्टी की सफलता निश्चित है उन्होंने कहा की आज के समय में अन्य पार्टियों में पद लेने की जो होड़ है वह भारतीय जनता पार्टी में नहीं है यहां कार्यकर्ताओं की उर्जा देखकर उनको पद दिए जाते हैं पद मिलने के बाद कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि अपने पद के अनुरूप अनुशासन से कार्य करके पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाए । सुरेश राणा ने नवनियुक्त पदाधिकारी को पार्टी के हित में मंडल अध्यक्ष के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प दिलाया इस अवसर पर बोलते हुए मंडल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम ने कहा कि मैं और मेरी कार्यकारिणी पूरे मंडल में सुचारू रूप से कार्य कर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सहकारी संघ चौयरमैन महेश गोयल मंडल महामंत्री जितेंद्र राणा ,अमरीश सैनी उपाध्यक्ष रविंद्र गोयल, सुरेश पाल, प्रेमचंद, अशोक कश्यप, सुमन शर्मा मंडल मंत्री विक्रम ,अमित मित्तल, मीनू देवी दीपक लाबा कोषाध्यक्ष भूमेश नारंग, आशीष सिंघल पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### मंदबुद्धि से अश्लील हरकत का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के एक गांव में मंदिर से प्रसाद लेने गई मंदबुद्धि युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार पुलिस ने गांव निवासी राहुल शर्मा उर्फ विक्की को संगत धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

## युवती से छेड़छाड़ के विरोध पर भाई पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत दस जुलाई की रात्रि करीब दो बजे उसका पुत्र व पुत्री गांव के मंदिर में हुए जागरण से घर वापिस आ रहे थे। इसी दौरान गांव के ही तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों ने उसकी पुत्री के साथ में छेड़छाड़ शुरू कर दी।

आरोप है कि उसके पुत्र ने जब छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। उसने अपने घायल पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारी हितों के लिए संगठन का संकल्प, उत्पीड़न पर चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** व्यापारी संगठन की एक विशेष समीक्षा बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न, प्रशासन की निष्क्रियता और कर प्रणाली की विसंगतियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओ ने कहा कि व्यापारी चाहे थानाभवन, जलालाबाद, एटा, मैनपुरी या कानपुर का होकृसंगठन हर स्तर पर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षशील है।बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री विवेक गोयल , जिला उपाध्यक्ष सुधीर गर्ग, नगर महामंत्री समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अधिकारियों की निष्क्रियता और व्यापारियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





जहां आवश्यक होगा, वहां अधिका. रियों का तत्काल स्थानांतरण कराया जाएगा।जीएसटी व्यापारी बीमा रु. 10 लाख से बढ़ाने की मांग संगठन ने सरकार से यह मांग भी रखी कि वर्तमान में जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को मिलने वाला रु. 10 लाख का दुर्घटना बीमा अपर्याप्त है। इसे बढ़ाकर कम से कम रु. 25 लाख किया जाए ताकि व्यापारी परिवारों को किसी हादसे की स्थिति में वास्तविक राहत मिल सके। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम ने कर प्रणाली को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा हम कर प्रणाली की जटिलताओं और व्यापारियों की समस्याओं को लखनऊ में मजबूती से उठाएंगे। जरूरत पड़ी तो दमदारी से मिलेंगे, लेकिन व्यापारियों की आवाज को दबने नहीं देंगे।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि व्यापारी संगठन किसी भी सरकार से टकराव नहीं करता, बल्कि सभी सरकारों से संवाद करता है, चाहे वह मायावती की सरकार रही हो, अखिलेश यादव की या वर्तमान में योगी आदित्यनाथ की सरकार।बैठक में संगठन ने यह संदेश साफ तौर पर दिया कि व्यापारी उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन व्यापारी हितों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर खड़ा रहेगा . चाहे वह धरातल हो या राजधानी लखनऊ। बैठक मे सुशील गर्ग मनोज कुच्छल भूमेश कुमार राधेश्याम गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### पूर्व सीजेआई ने कहा चुप नहीं रह सकते!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बिहार चुनाव में सर्वोच्च अदालत ने बेशक निर्वाचन आयोग के पक्ष में निर्णय दिया हो लेकिन बुद्धिजीवी चुनाव आयोग को तानाशाह बनाने के पक्षधर नहीं हैं। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने खुलकर कहा है कि चुनाव आयोग को निरंकुश संस्था नहीं बना सकते। जिसका सीधा अर्थ है कि चुनाव आयोग पर भी कानून का अंकुश होना चाहिये। सरकार की मनमानी नहीं चलनी चाहिये।

पीवी नरसिम्हा राव सरकार में टीएन शेषन इतने लोकप्रिय हुए थे कि सरकार को चुनाव आयोग तीन सदस्यों का बनाना पड़ गया। एक बार फिर चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर देश में बड़ी बहस छिड़ी है हरियाणा दोपहर तक और दोपहर के बाद की भूमिका और महाराष्ट्र की भूमिका चर्चा में आई है। इस कारण विचार होना ही चाहिये।

# मुख्य मंगल कलश संजीव जैन परिवार कैराना ने स्थापित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को दिगंबर जैन साधु सेवा समिति शामली एवं सकल जैन समाज शामली द्वारा आयोजित 108 विव्रत सागर मुनिराज वर्षा योग चतुर्मास की स्थापना मंगल कलश द्वारा की। जिसमें मुख्य अतिथि झंडारोहण तीर्थ क्षेत्र कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्मू प्रसाद जैन, वीरेंद्र जैन, वीरेश जैन, ने किया। रविवार को चित्र अनावरण अनिल जैन, मुकेश जैन राजघराना, दीप प्रज्जवलित मुकेश जैन, अनमोल जैन, मुनीश जैन, परविंदर जैन, शास्त्र भेंट प्रेमचंद जैन, संजीव जैन, शुभम जैन ने किया। बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य मंगल कलश प्रेमचंद जैन, संजीव



जैन, शुभम जैन, द्वितीय मंगल कलश भूषण लाल जैन, अनीता जैन, तृतीय मंगल कलश मनीषा जैन, आलोक जैन, मंगल कलश सेवाराम कांता प्रसाद जैन, मंगल कलश विनोद जैन, अमित जैन, मंगल कलश रमेश चंद जैन द्वारा स्थापना की गई। मुनिराज ने ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि आपके शहर में दो णमोकार मंत्र आए। जिनका आज मंगल कलश द्वारा 2025 वर्षा योग चतुर्मास की स्थापना हुई। मैं जन्म से णमोकार मंत्र जाप करता था। परंतु समय बदला गुरु महाराज की कृपा से णमोकार मंत्र बन गया। जिन रूप में आया रतनात्रय धर्मात्मा को मिलता है। जिसकी श्रद्धा रतनात्रय बनी हुई है। जितना बाटोगे उतना ही मिलता है। मंगल कलश का मतलब तुम्हारी हल्दी, तुम्हारी सुपारी, तुम्हारी पीली सरसों से नहीं होता है। बल्कि तुम्हारी श्रद्धा भावना ही मंगल कलश है। धर्मपुत्र आपकी नगरी में आए हैं। धर्मपुत्र ही सुनाएगे णमोकार मंत्र, शामली में कोई ऐसा समाज का घर ना बचे प्रत्एक घर में धर्मपुत्र पहुंचे।

# चोर ने बंद मकान को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बंद मकान से चोर आभूषण समेत हजारों रुपये के कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। चोर की तस्वीर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर चोरी की घटना का खुलासा किये जाने की मांग की है।

मोहल्ला अबुलमाली निवासी सलमान अपने मकान पर ताला लगाकर परिवार के साथ देहरादून रिश्तेदारी में गया हुआ था। जिसके बाद चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी के तोड़ वहां पर रखा कीमती सामान चोरी कर भाग खेड़े हुए। शनिवार को जब परिवार देहरादून से वापस लौटा तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। घर का सभी सामान बिखरा पड़ा था।

**आभूषण समेत हजारों रुपये के कीमती सामान चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित ने की पुलिस से चोरी का खुलासा करने की मांग।**

जेवरात और घर का कीमती सामान गायब था। बाद में जब परिवार के लोगों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो उनमें चोर चोरी करता दिखाई दिया। सलमान के मुताबिक चोर घर में रखा उसका लेपटाप, सोने की चेन समेत हजारों रुपये की नगदी तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गया है। बताया कि चोर घर में छत के रास्ते घुसा है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# राज्यमंत्री ने किया कथाव्यास का अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा में रविवार को कथाव्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने ताडकासुर वध और भगवान गणेश के जन्म की लीला का वर्णन किया। चौथे दिन राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह भी मानकी पहुंचे और कथा का रसपान किया। उन्होंने कथाव्यास का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

रविवार को कथा का वाचन करते हुए चित्रा दीदी ने कहा कि ताडकासुर एक शक्तिशाली राक्षस था। उसका वध भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने किया था, क्योंकि ताडकासुर को ब्रह्मा से यह वरदान प्राप्त था कि उसकी मृत्यु केवल भगवान शिव के पुत्र के हाथों ही हो सकती है। भगवान गणेश की महिमा का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने कहा कि माता पार्वती ने स्नान से पूर्व अपने शरीर पर लगे उबटन से एक पुतला बनाया और उसमें प्राण



डालकर गणेश जी को उत्पन्न किया। भगवान गणेशजी को मोदक, सिंदूर और लाल रंग के फूल बहुत प्रिय हैं। भगवान गणेश को पंचामृत से स्नान कराना चाहिए।

उसके बाद वस्त्र, जनऊ, चंदन, अक्षत, धूप, दीप, पुष्प फल चढ़ाने चाहिए। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष चौ. प्रविंद्र कुमार, नगरपालि. का अध्यक्ष विपिन गर्ग, राजेश सिंघल, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, मनोज राठौर, विजय सिंघल, शिवकुमार, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगत का देवबंद पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए जा रही संगत का देवबंद पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने दरबार साहिब अमृतसर सहित अन्य ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए जा रही नूरपुर (बिजनौर) की संगत का देवबंद पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करने के उपरांत कहा कि संगत को तीर्थ स्थलों के दर्शन कराकर वरयाम सिंह जो पुण्य कमा रहे है उसका कोई सानी नही है। गुरुद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने संगत को देवबंद गुरूद्वारा साहिब का इतिहास बताते हुए कहा कि गुरु महाराज की कृपा से वरयाम सिंह यह सेवा कर रहे है।

**संगत को तीर्थ स्थलों के दर्शन कराकर वरयाम सिंह कर रहें हैं पुण्य का कार्य**

संगत भी धन्य है जो एक सप्ताह का समय निकालकर दर्शनों को जा रही है। जत्थेदार वरयाम सिंह ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से गुरु महाराज उनसे यह सेवा ले रहे है। एक सप्ताह बाद संगत दर्शन कर वापस लौटेंगी। गुरदयाल सिंह ने यात्रा की सफलता के लिए अरदास की। गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गय। इस मौके पर श्याम लाल भारती, मंगू सचदेवा, सचिन छाबड़ा, राजपाल नारंग, अमनदीप सिंह, जितेश बतरा, युवराज अरोड़ा, प्रिंस कपूर आदि मौजूद रहे।

# पाइप लाइन टूटने से पेयजल आपूर्ति हुई बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन टूटने के कारण लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। जिसकी वजह से लोगों को पानी के लिए भटकते देखा गया।

मोहल्ला खानकाह से होकर गुजर रही सरकारी पानी की पाइप लाइन कई जगह से टूट जाने के कारण सुबह नौ बजे के बाद हजारों परिवारों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। रविवार की छुट्टी होने के कारण लोगों को अधिक समस्या से जूझना पड़ा। नहाने और अन्य जरुरतें पूरी करने के लिए लोगों को दूसरे घरों में लगी सबमर्सिबल से बाल्टियों में पानी लाने को मजबूर होना पड़ा। शाम करीब पांच बजे लाइन ठीक होने के बाद पेयजल आपूर्ति चालू हुई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# नगीना में महिला के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बेटी की सास की तेहरवीं में शामिल होने गई महिला के साथ बेटी की तीन नंद और नंदोइयों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंच कर आरोपियों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर पाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार छाया देवी पत्नी प्रभात कुमार निवासी ग्राम सत्तोनंगली, थाना स्योहारा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी स्वाति की शादी चार वर्ष पूर्व सचिन पुत्र खेम सिंह निवासी मौहल्ला चौधराना, थाना नगीना के साथ की थी। शादी के बाद से ही सचिन व उसके घर वाले उसकी पुत्री को परेशान करते थे और आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। जिसकी शिकायत कई बार थाने में भी की गई। आरोप है कि बीति 11 जुलाई को पीड़ित महिला अपनी बेटी की सास की तेहरवीं में शामिल होने के लिए गई थी । समय करीब शाम चार बजे पीड़ित महिला की बेटी की तीन ननन्द सरीता, पूनम, मिथलेश व नन्दोई हृदेश यह सब उसकी बेटी स्वाति के पति सचिन व जेठ वीरेन्द्र से घर व जंगल की जमीन में हिस्सा मांग रहे थे तथा बिकवाने को बोल रहे थे। उसकी बेटी ने मना किया और कहा कि आज तेरहवीं है। आज यह सब बातें मत करो । फिर कभी कर लेना। इतना सुनकर उपरोक्त सभी आरोपियों ने महिला की बेटी को मारना-पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़िता ने अपनी बेटी को आरोपियों से बचाना चाहा तो आरोपियों ने उसको भी बुरी तरह मारा पीटा और गले में पहना सोने का पेंडिल भी छीन लिया तथा उसकी बेटी स्वाती के कान में पहने कुंडल भी छीन लिए।

# हज यात्रा मुकम्मल कर देवबन्द पहुंचे अब्दुल्ला नवाज को दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हज की सआदत हासिल करके देवबन्द वापस लौटने पर डॉक्टर अब्दुल्ला नवाज और डाक्टर फोजिया नवाज (प्रिंसिपल नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल देवबन्द) का उर्दू -हिंदी पाक्षिक देवबन्द टुडे देवबन्द की जानिब से इस्तकबाल किया गया।

इस अवसर पर डाक्टर नवाज देवबन्दी, सैयद वजाहत शाह, शाह फैसल मसूदी और खुर्शीद अहमद सिद्दीकी मौजूद रहे। शहर के अन्य लोगों ने भी अबदुल्ला नवाज को हज से वापसी पर मुबारकबाद दी जिसमें नवेद आजम इकबाल उस्मानी नंबरदार, वरिष्ठ पत्रकार तौसीफ कुरैशी, पत्रकार तसलीम कुरैशी, पत्रकार शिबली इकबाल आबिद, जुनैद इकबाल उस्मानी, मुनीर दानिश, जिशानउलहक, चुन्नू



उस्मानी, काजी फरहान, डाक्टर असरार फारुकी, अली नंबरदार, साद सिद्दीकी, महमूद आदि गंणमान्य लोगों ने अबदुल्ला नवाज को उनके आवास पर जाकर मुबा. रकबाद दी।

# मुमताज अहमद को गुरु देवो भव: 2025 पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** वरिष्ठ पत्रकार मुमताज अहमद को दिल्ली की सामाजिक संस्था त्रिनेत्र रिसर्च इंवेस्टीगेशन फाउंडेशन द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु देवो भव: 2025 पुरस्कार देकर सम्मानित किये जाने पर साहित्यकारो व समाज सेवियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

मुमताज अहमद ने फाउंडेशन द्वारा सम्मान दिये जाने पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय कुमार नागर का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार का सम्मान नई ऊर्जा प्रदान करता है। उनकी इस उपलब्धि पर शायर डॉ, नवाज देवबंदी, डॉ. शमीम देवबंदी, अशोक गुप्ता, नसीम अंसारी एडी., सईद अंसारी, अरुण अग्रवाल, व्यापारी नेता दीपक राज सिंघल, अय्यूब बेग, आरिफ अंसारी, डा. एसए अजीज, हमजा अंसारी, मौहम्मद शाहिद, अब्दुल कादिर खां, शहजाद आलम, मसरूर अंसारी ठेकेदार ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।

## बाइक के साथ गिरफ्तार



**बिजनौर।** नगीना देहात थाने में ग्राम टांडा माईदास निवासी नूर अली पुत्र जफर अली ने आज तहरीर दी थी कि उसकी बाइक ग्राम में ईदगाह के पास वादी के खेत के किनारे खड़ी थी। जिसे एक व्यक्ति चोरी करके ले जाने लगा। इसे वादी व उसके चाचा इस्लाम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। चोर थाना नजीबाबाद के ग्राम हर्षवाड़ा का समीर पुत्र शमीम था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से बाइक बरामद की गई है।

## किरतपुर में अशोक गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने ग्राम हामिदपुर माखन निवासी अशोक पुत्र कालू राम को गिरफ्तार किया है। ग्राम निवासी संगीता पत्नी आशाराम ने 16 जून को थाने में तहरीर दी थी कि 12 जून को उसके जेठ अशोक पुत्र कालू राम एवं जिठानी पूनम ने उसके घर में घुस कर जान से मारने की नीयत से उसके पति पर हमला बोल दिया। जिससे उनके गंभीर चोटें आई। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी।

## भाकियू की किसान गोष्ठी आज

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान नया दायित्व मिलने पर कल (आज) पहली बार जिला मुख्यालय पर पहुंच कर किसानों की समस्याओं व उनके समाधान के लिए किसान गोष्ठी में भाग लेंगे। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के स्वागत की तैयारियां भी कर ली है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि इस समय किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। 14 जुलाई को किसान विचार गोष्ठी में संगठन को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं समाधान करने के लिए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व किसानों से विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे।

# पुलिस ने जुबैदा के कत्ल में सौतेला बेटा किया अरेस्ट

## प्रोपर्टी के विवाद में बेरहमी से मारा, नामजदगी झूठी निकली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने सनसनीखेज जुबैदा हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसके सौतेले पुत्र आसिफ उर्फ इद्दू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नामजदगी झूठी पाते हुए वारदात का सही खुलासा कर पूरी कहानी ही पलट दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 11 जुलाई को वादी तबक्कल पुत्र सुभान निवासी ग्राम काजीवाला ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण हाजरा पत्नी अय्यूब कलाम, अमन व समीर पुत्रगण अय्यूब एवं भूरा पुत्र कय्यूम निवासीगण ग्राम काजीवाला द्वारा उसके घर में घुसकर वादी की पत्नी जुबैदा के सिर पर धारधार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा अपराध संख्या 599/2025 धारा 190, 191 (2), 191 (3), 103 (1), 333, 351 (2) बीएनएस में पंजीकृत



मृतका जुबैदा

किया गया था। अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्त आसिफ उर्फ ईद्दू पुत्र तबक्कल शाह निवासी ग्राम काजीवाला का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी तबक्कल की पहली पत्नी मुरर्तजाई की मृत्यु वर्ष 2008 में हुई थी। जिससे उसकी कुल 10 संतानें पैदा हुई। जिसमें चार पुत्र व छह पुत्रियां है। मुरर्तजाई की मृत्यु के उपरांत तबक्कल ने जुबैदा से शादी की थी। जिससे उसका पुत्र तौहीद (11 वर्ष) व पुत्री नुर सबा (13 वर्ष) पैदा हुई, जो उनके साथ रहती है। वादी तबक्कल द्वारा अपनी सम्पत्ति से पहली पत्नी मुरर्तजाई के बच्चों को बेदखल कर 19 दिसम्बर, 2023 को घर की वसीयतनामा जुबैदा व उसके पुत्र तौहीद के नाम कर दिया गया था। बाद में तबक्कल दूसरे घेर की वसीयत भी जुबैदा व उसके पुत्र तौहीद के नाम करने के लिए कह रहा था। इसी के चलते वादी की पहली पत्नी मुरर्तजाई के छोटे पुत्र आसिफ उर्फ ईद्दू ने उसकी हत्या की योजना बनाई। आसिफ देहरादून से काम छोड़कर वर्तमान में करीब एक माह से ग्राम काजीवाला स्थित घर में रह रहा था और आए दिन इसी बात को लेकर अपनी सौतली मां से झगड़ा करता था। वह अपनी सौतेली मां को ठिकाने लगाने की योजना पर काम कर रहा था। वह इस तरह से हत्या करना चाहता था कि किसी को उसके बारे



में पता न चले। कुछ दिन पहले से तबक्कुल का अपने पड़ोसी कलाम आदि से सड़क पर बुलेट खड़ी करने व पशु नहलाने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी का लाभ लेकर 11 जुलाई को जब घर पर कोई नहीं था, आसिफ उर्फ इद्दू ने जुबैदा के सिर पर ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और हत्या का आरोप अपने पड़ोसियों कलाम आदि पर लगाकर अपने पिता तबक्कल से उनके विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करा दिया। जुबैदा की हत्या के दौरान आसिफ के बाये हाथ की दो अंगुलियां भी जख्मी हो गई। पुलिस द्वारा पूछताछ में जब दोनों अंगुलियों की चोट के बारे में जानकारी ली गई, तो उसने स्पष्ट उत्तर नहीं दिया और उसने संपत्ति के विवाद के कारण रंजिश में जुबैदा की हत्या करना स्वीकार किया।

स्थानीय पुलिस द्वारा अभियुक्त आसिफ उर्फ ईद्दू उपरोक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल ईंट को बरामद किया गया है। अभियोग में नामित सभी अभियुक्तगण की नामजदगी गलत पायी गई तथा अभियोग में धारा 190, 191 (2), 191 (3), 333, 351 (2) बीएनएस का विलोप किया गया।

शहर कोतवाली पुलिस के इस खुलासे से नामजद अभियुक्तों को बड़ी राहत मिली है।

# कुरान पाक के मुताबिक जिंदगी गुजारने में भलाई : मुफ्ती सलीम

**बिजनौर।** इस्लामी विद्वान मुफ्ती सलीम ने कहा कि कुरान ए पाक के मुताबिक जिंदगी गुजारने में ही इंसान की भलाई है। कुरान ए पाक मुकम्मल आसमानी हिदायत है।

मुफ्ती सलीम ने कहा कि जो इंसान कुरान-ए-पाक के मुताबिक जिंदगी नहीं गुजार रहे हैं और दुनिया हासिल करने के चक्कर में दीन से दूर हो गए हैं, वो मुगालते के साथ ही बहुत बड़े नुकसान में हैं। मुफ्ती सलीम ने कहा कि दुनिया तो चंद दिनों की होती है। पता नहीं कब मौत का फरिश्ता रूह निकाल कर ले जाएं। इसलिए कभी भी सेहत, दौलत और औलाद पर घमंड नहीं करना चाहिए। मुफ्ती सलीम ने कहा कि जिसने अपनी दौलत दीन के रास्ते पर खर्च कर दी, अल्लाह उसे आखिरत में मालामाल कर देगा। उसकी दौलत कब्र में अजाब बन कर सामने नहीं आएगी। मुफ्ती सलीम ने कहा कि हराम की दौलत कमाने से बचना चाहिए और हमेशा पाक-साफ कमाई के लिए हरकत करना चाहिए। अल्लाह उसी में बरकत देगा। जकात और खैरात पर खास ध्यान देना चाहिए और किसी का हक नहीं मारना चाहिए। मुफ्ती सलीम ने कहा कि सेहत वो बेहतर होती है, जो दीन के रास्ते पर काम आ जाए। इंसान का जिस्म फानी है। बड़े-बड़े बादशाहों व पहलवानों को भी मौत आती है। मौत से कोई नहीं बच सकता है। इसलिए सेहत पर कभी मगरूर नहीं होना चाहिए। मुफ्ती सलीम ने कहा कि जो इंसान नेक व दीनदार औलाद दुनिया में छोड़ कर जाता है, वो दीन और दुनिया में बहुत ही खुशनसीब होता है। अगर किसी ने अपनी औलाद को दीनदार व अल्लाह की हिदायत पर चलने वाला नहीं बनाया, तो उसे कयामत के दिन जवाब देना होगा। औलाद की दीन की रौशनी में परवरिश की जिम्मेदारी मां व बाप की बराबर होती है। कोई भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता है। मुफ्ती सलीम ने कहा कि अगर किसी की औलाद अच्छी निकलती है, तो मां-बाप की तारीफ होती है। लेकिन खराब निकलने पर उससे ज्यादा बुराई होती है। मुफ्ती सलीम ने कहा कि बच्चों को नमाजी और दीनदार बनाने की जिम्मेदारी उसके मां-बाप की ही होती है। मुफ्ती सलीम ने अखलाक व किरदार को ही मुसलमान की असल पहचान बनाते हुए कहा कि कभी भी किसी दूसरे को अपने अमल से तकलीफ नहीं पहुंचानी चाहिए। मुफ्ती सलीम ने कहा कि हमेशा दूसरों के साथ नरमी से सलूक करना चाहिए। ताकि उसका इस्लाम पर यकीन कायम हो सके और अल्लाह उसे भी हिदायत दे सके। मुफ्ती सलीम ने कहा कि इस्लाम तलवार के जोर पर नहीं, बल्कि अच्छे अखलाक से फैला है और हमारे सहाबाओं ने बहुत कुछ कुर्बानियां दी हैं। मुफ्ती सलीम ने कहा कि मुसलमान अपनी जिंदगी में ईमानदारी को अपनाएं। ईमानदारी व बेहतर अखलाक ही उसकी पहचान हमेशा से रही है। मुफ्ती सलीम ने कहा कि हमारा अखलाक ऐसा होना चाहिए कि कट्टर दुश्मन भी तारीफ करें।

मुफ्ती सलीम ने गरीबों पर रहम और उनकी पूरी ताकत से मदद की गुजारिश करते हुए कहा कि मजलूमों की मदद के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर देना चाहिए। मजलूमों की मदद करना भी जिहाद होता है। उन्होंने कहा कि गरीब व मजलूम रहम के हकदार होते हैं। किसी की मदद अगर एक हाथ से की जाए, तो दूसरे हाथ को भी इसका पता नहीं चलना चाहिए।

# ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाए सपाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ स्तर तक मेहनत करे। ताकि जनपद की आठों विधानसभा सीटों पर सपा का परचम लहरा सके। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता तथा जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव व डॉ. रहमान के संयुक्त संचालन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी, नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम अहमद, चांदपुर के विधायक स्वामी ओमवेश उपस्थित रहे। बैठक में छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा व समा. जवादी छात्र सभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मौहम्मद फैजान प्रधान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की और कहा कि हर पदाधिकारी प्रत्येक माह कम से कम पीडीए के 10 कार्यक्रम करे। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में अधिसूचना जारी हो चुकी है। ग्राम पंचायतों में वोट बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक वोटर का वोट बनवाने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से कहा कि जिन्होंने भी अपनी कमेटियां नहीं बनाई है, वह जल्द से जल्द अपनी कमेटियां बना कर जिला कार्यालय पर जमा करादे । उन्होंने सभी विधानसभा अध्यक्षों से कहा कि वह अपनी-अपनी विधानसभा कमेटी की मासिक बैठक हर माह की पांच तारीख को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में करेंगे। इसके अलावा सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष अपनी-अपनी मासिक बैठक जिला कार्यालय पर हर माह की आठ व नौ तारीख को करेंगे। जिसमें आठ तारीख को युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड, छात्र सभा, व्यापार सभा, महिला सभा व अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष




अपनी कमेटियों की मासिक बैठक करेंगे। नौ तारीख को अल्पसंख्यक सभा, शिक्षक सभा, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, मजदूर सभा, पिछड़ा वर्ग, सांस्कृति प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अपनी कमेटियों की बैठक करेंगे। सभी नगर अध्यक्ष हर माह किसी भी तारीख को अपनी नगर कमेटी का मासिक बैठक अपने नगर क्षेत्र में करेंगे और सभी इसकी सूचना व फोटो जिला कार्यालय को देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक हम मजबूत नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनने जा रही है।

हम सब एकजुट होकर 2027 में जनपद की आठों विधानसभा सीट सपा को जिताने का काम करें, ताकि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश में मुख्यमंत्री बन सके। नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद ने सबोधित करते हुए सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया। विधायक स्वामी ओमवेश ने भी 2027 में सपा की सरकार बनाने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी ने कार्यकर्ताओं से पीडीए को मजबूत करने और पीडीए कार्यक्रमों को तेजी के साथ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचे छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाह का जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन समेत सभी विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाह ने फैजान प्रधान को जनपद में छात्र सभा का जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

# भारत को मिला 193 रन का लक्ष्य

### सुंदर ने चार विकेट लिए, बुमराह-सिराज को मिले 2-2 विकेट, जो रूट ने 40 रन बनाए




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया है। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 192 रन पर आलआउट हो गई।

जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रुक ने 23 और जैक क्राली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड की टीम 63वें ओवर में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने ओवर की पहली बाल पर शोएब बशीर को बोल्ड कर दिया। 58वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने क्रिस वोक्स को बोल्ड कर दिया। वोक्स 10 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने ब्रायडन कार्स को भी बोल्ड किया। इंग्लैंड ने 56वें ओवर में 8वां विकेट गंवाया।

यहां जसप्रीत बुमराह ने ब्रायडन कार्स को बोल्ड कर दिया। कार्स एक रन ही बना सके। इंग्लैंड की टीम ने 55वें ओवर में दूसरी पारी का 7वां विकेट गंवाया। यहां बेन स्टोक्स 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वाशिंगटन सुंदर ने बोल्ड किया। सुंदर ने टी-ब्रेक से पहले जैमी स्मिथ और जो रूट को भी बोल्ड किया। दिन का दूसरा सेशन भारतीय टीम के नाम रहा।

# गिल ने इंग्लिश ओपनर्स से बहस की

- **आकाशदीप दो बार डीआरएस में बचे, पंत इंग्लैंड सर्वाधिक टेस्ट सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन ऋषभ पंत ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की थी।

वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टेस्ट प्लेयर बने। पंत लंच सेशन से ठीक पहले रन आउट भी हो गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लिश ओपनर्स से बहस करते नजर आए। पंत ने विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा ऋषभ पंत ने लाड्र्स टेस्ट में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने वेस्टइंडीज के दिग्गज विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ 34 छक्के लगाए। पंत 36 सिक्स लगा चुके हैं। पंत ने रोहित के बराबर टेस्ट छक्के लगा दिए ऋषभ पंत भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के रिकॉर्ड में भी दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी की। दोनों के नाम 88-88 सिक्स हैं। नंबर-1 पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिनके नाम 90 टेस्ट छक्के हैं। ऋषभ पंत साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उंगली की चोट के बाद शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित

**लॉड्र्स, वार्ता।** तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पाँचवीं उंगली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अपनी बाईं उंगली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह इस टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफ़र्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा।

### ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर (21,23,24) व प्रीति (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका।

# मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए ऋषभ पंत: राहुल

- **यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था, निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता**



**लॉड्र्स, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुए।

मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा कि वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता। उन्होंने कहा कि जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

# इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ आयुष का शतक

- **अभिज्ञान-राहुल की साझेदारी से भारत यू-19 का स्कोर 450/7, विहान का अर्द्धशतक**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के बेकनहैम में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत यू-19 ने इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 450 रन पर 7 विकेट खो दिए।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में वैभव सूर्यवंशी केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे ने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और विहान मल्होत्रा (67 रन, 99 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। आयुष और विहान के आउट होने के बाद, अभिज्ञान कुंडू (90 रन, 95 गेंद) और राहुल कुमार (85 रन, 81 गेंद) ने पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी की। दोनों एक ही ओवर के अंदर आउट हो गए। दिन के अंत में आर.एस. अम्ब्रीश (31 रन, नाबाद) ने पहले मोहम्मद एना के साथ 32 रन और फिर हेनिल पटेल (6 रन, नाबाद) के साथ 30 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वान ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राल्फी एल्बर्ट को 1 सफलता मिली। भारत यू-19 के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। वैभव 14 रन बनाकर आउट यूथ वनडे में शानदार परफार्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शार्ट ऑफ लेंथ बाल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया। भारत का पहला विकेट 17 रन पर गिरा। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा ने मिलकर पारी संभाल। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी कर डाली। यहां आयुष म्हात्रे को आर्ची वान ने एकांश सिंह के हाथों कैच कराके आउट किया। आयुष ने 14 चौके और 2 सिक्स की मदद से 102 रन बनाए। आयुष ने अपनी पारी में 14 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। अभिज्ञान-राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन जोड़े आयुष के आउट होने के बाद विहान भी 67 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें ग्रीन ने विकेटकीपर रेव के हाथों कैच कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मौल्यराज सिंह चावड़ा को आर्ची वान ने ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। वे 11 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर अभिज्ञान और राहुल कुमार ने भारतीय पारी को एक बार फिर संभाला और पां. चवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर डाली। अभिज्ञान को होम ने 90 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और एक सिक्स भी लगाया। राहुल कुमार ने तेजी से बल्लेबाजी की और 81 बाल पर 85 रन बनाकर आउट हुए। राहुल ने अपनी पारी में 14 चौके और एक सिक्स लगाए। लोअर आर्डर बल्लेबाजों के भी रन अभिज्ञान और राहुल के बाद आर एस अम्ब्रीश ने 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए और वे अभी भी खेल रहे हैं। पेस बालर मोहम्मद इनान ने 3 चौके और एक सिक्स लगाकर 23 रन बना दिए। हालांकि अल्बर्ट ने उन्हें स्टँ कर दिया। हेनिल पटेल 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभा

**गांधीनगर/नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 31वें संस्करण में आज केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। वहीं दिल्ली में द ग्रेट खली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस अखिल भारतीय साइकिललग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को आगे बढ़ते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइलक्लग क्लबों ने भाग लिया। गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन के बारे में भी है। आज 7000 से अधिक जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

# शेफाली वनडे विश्व कप की दौड़ में शामिल हैं: मजूमदार

- **सीरीज में मंधाना के बाद शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** शेफाली वर्मा इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के शुरुआती दौर में ही बाहर होने के बाद शेफाली को भारतीय टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए शेफाली की भारतीय दल में वापसी हुई और उन्होंने अंतिम मैच में 41 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलते हुए सीरीज में मंधाना के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में सीरीज का समापन किया। शेफ़ाली ने 158.55 के स्ट्राइक रेट और 35.20 की औसत से कुल 176 रन बनाए जिसमें 20, 3, 47, 31 और 75 रनों की पारी शामिल है। उनके दोनों सबसे बड़े स्कोर उस मैच में आए जिसमें भारत हार गया। द ओवल और एजबस्टन दोनों ही जगह इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। शेफाली द्वारा अपनी टीम को 19 रन पर 2 विकेट से 167 रन पर 7 विकेट तक पहुंचाने में मदद करने के बाद, मेजबान टीम को इंग्लैंड में महिला टी-20 मैचों में जीत हासिल करने के लिए सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करना पड़ा।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं: रहाणे



- **मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा कि मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है। जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रो. हत शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं।

पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी-20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35-92 की औसत से एक अर्द्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147-27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा कि मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं।

- **ग्रेट खली ने बेटियों को समर्थन देने की अपील की**

# लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत: दलीप सिंह राणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** रेसलर और बीजेपी नेता दलीप सिंह राणा, जिन्हें द ग्रेट खली के नाम से जाना जाता है। उन्होंने फिटनेस और बेटियों के सशक्तिकरण को जरूरी बताया। रविवार को खली फिट इंडिया संडे आन साइकिल' इवेंट में शामिल हुए। खली ने कहा, यहां आकर गर्व महसूस हो रहा है। मैं युवाओं को साइकिल चलाते देख रहा हूं, जो हमारे प्रधानमंत्री के फिट इंडिया सपने को साकार कर रहा है। भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है जब हमारे लोग फिट हों। सभी को दिन में कम से कम एक घंटा अपनी फिटनेस को देना चाहिए। कार्यक्रम में खली उस समय भावुक हो गए

- **हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की बात करते है तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती है**

जब उन्होंने 25 साल की राधिका यादव की हत्या पर बात की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद घटना है कि एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। जब हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती हैं। खली ने कहा कि भारत तब तक विश्वगुरु नहीं बन सकता जब तक बेटियों को समर्थन नहीं मिलेगा। मेरी खुद की एक बेटी है। बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। यह केवल सोच की बात है जिसे कुछ लोगों को अभी भी बदलने की जरूरत है। हमें बेटियों का साथ देना चाहिए और उन्हें खेलों के लिए प्रेरित करना चाहिए। 25 साल की टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गुरुग्राम के सेक्टर 57 में उसके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच राधिका की टेनिस अकादमी को लेकर विवाद हुआ था। राधिका के शरीर पर कई गोली के निशान मिले। 11 जुलाई को गुरुग्राम में पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस एक म्यूजिक वीडियो की भी जांच कर रही है।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर हारी टीम इंडिया

- **भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली, श्रीचरणी को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया**




**बर्मिंघम, वार्ता।** शार्लेट डीन (तीन विकेट), सोफी एकल्सटन (दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सोफिया डंकली (46) और डेनिएल वायट (56) रनों की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड जाकर कोई टी-20 सीरीज जीती है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर टीम के जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में राधा यादव ने सोफिया डंकली 30 गेंदों में (46) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट 37 गेंदों में (56) को आउटकर भारत की उम्मीदों को जगाया। इसके बाद 16वें ओवर में दीप्ति ने माया बाउचियर (16) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। अरुंधति रेड्डी ने 20 ओवर में कप्तान टैमी बोमॉन्ट 20 गेंदों में (30) और एमी जोंस (10) को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आखिरी दो गेंदों पर दो सिंगल्स लेकर स्कोर 168 कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। राधा यादव और आखिरी ओवर में उनका वह कैच बार-बार याद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय टीम यह सीरीज 3-2 से जीत ली। मैच में तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली शार्लेट डीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 10 विकेट लेने वाली श्री चारणी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति ने दो-दो विकेट लिए। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफ़ाली वर्मा (75) और ऋचा(24) की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने गाय के साथ अनैतिक कार्य करने वाले को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चोरी, लूट, हत्या, नकब. जनी, डकैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग गश्त की जा रही है । इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि छिदवाना मोड़ से शाकुम्भरी विहार की तरफ रोड़ पर एक बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। इस सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची तो पुलिस को देखते ही बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और शाकुम्भरी विहार की तरफ भागने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो बदमाश ने पीछे मुड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाये पैर में गोली लगने से घायल को गिरफ्तार किया गया। घायलबदमाश की पहचान राम बहादुर पुत्र पांचू निवासी अंकित विहार, नवादा रोड़ थाना सदर बाजार के रूप में हुई।

## आरोपी भाजपा नेता की बस का कंडक्टर: निक्कू

**सहारनपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू का कहना है कि पकडा गया आरोपी भाजपा के एक नेता की बस का कंडक्टर है। यह घटना वास्तव में शर्मसार कर देने वाली है। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

## एसडीएम के आदेश पर एएसपीजी कॉलेज गेट पर रहा पुलिस का पहरा

**मवाना।** एएस डिग्री कॉलेज की एसोसियेशन की कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति प्रस्तावित आम सभा पर एसडीएम मवाना ने रोक लगा दी है। इसे लेकर प्रबंध समिति द्वारा मनोनीत चुनाव अधिकारी ने पुलिस-प्रशासनिक अफसरों से शिकायत कर आपत्ति जताई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मवाना ने बैठक पर रोक लगाने का आदेश देते हुए सीओ व इंस्पेक्टर मवाना को पत्र जारी किया था। वहीं, आदेश के बावजूद कुछ लोग कॉलेज पर पहुंचे, लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया और कोई बैठक नहीं होने दी। गौरतलब है कि नगर में एएसपीजी कॉलेज को एएस डिग्री एसोसियेशन की प्रबंध संचालित करती है। समिति का कार्यकाल पूरा होने पर दो महीने पहले तत्कालीन सचिव द्वारा व्यापारी नेता विनोद गुप्ता को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया था। बतौर चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्रबंध समिति चुनाव की तारीख घोषित करते हुए प्रक्रिया के तहत उन्होंने 25 मई को मतदान की तारीख तय की थी, लेकिन सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने पर पूरी प्रबंध समिति निर्विरोध चुनी गई। उधर, चुनाव प्रक्रिया के बीच में कालातीत हुई समिति के सचिव ने एक पत्र मीडिया में जारी कर विनोद गुप्ता को चुनाव अधिकारी के पद से हटाने का दावा कर दिया।

## विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग

**तीतरों।** विद्युत केबल ब्रस्ट हो जाने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की।

नेशनल हाईवे सड़क का निर्माण चल रहा है। केविल में पानी पहुंचाने के कारण केबिल फट गया। जिससे नगर एवं गांव पापड़ी, आसफगढ़, पूजना, बेरखेड़ी, ककराला, सालियर सहित दर्जन भर गांव की विद्युत आपूर्ति ठप होकर रह गई। विद्युत आपूर्ति न होने से लोगों को पानी की एक-एक बूंद से तरसना पड़ रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण रात्रि में लोगों को दो-चार होना पड़ रहा है।

❒**तीतरों।** क्षेत्र गांव निवासी एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में शादीशुदा युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाला शादी शुदा युवक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करता था।

# परेशान बुजुर्ग के लिए मसीहा बनी क्षेत्राधिकारी सुश्री रूचि गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में पुलिस की छवि काफी बेहतर हुई है। इस छवि को बनाने में पुलिस विभाग अपने आपको साबित कर रहा है। कांवड यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग कार का टायर फट जाने और जैक टूट जाने के कारण करीब एक घंटे से परेशान थे। रात के समय कोई मदद की उम्मींद नहीं थी और यही बात बुजुर्ग को ज्यादा परेशान कर रही थी। इसी बीच पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुश्री रूचि गुप्ता उनके लिये मसीहा बनकर आई।

दरअसल पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुश्री रूचि गुप्ता कांवड यात्रा मार्ग पर डयूटी चैकिंग के लिये निकली थी। तभी उनकी नजर कार के पास खडे परेशान बुजुर्ग पर पडी। उन्होंने बुजुर्ग के पास जाकर परेशानी का कारण पूछा। जिस पर बुजुर्ग ने उन्हें अपनी परेशानी बताई तो सुश्री रूची गुप्ता ने डयूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सहायता से कार का टायर बदलवाकर बुजुर्ग को गंतव्य के लिये रवाना किया। बुजुर्ग ने भी सभी पुलिसकर्मियों को ढेरो दुआएं दी और शुक्रिया अदा किया। क्षेत्राधिकारी सुश्री रूची गुप्ता की इस मदद ने पुलिस महकमे का न केवल मान बढाया है, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुलिस की बेहतर छवि को भी पेश किया है।

## आईआईटी जेम परीक्षा में तनु ने प्रथम स्थान किया हासिल

**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला सैनियान निवासी तनु सैनी पुत्री राकेश सैनी ने आईआईटी जेम परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 501 प्राप्त कर आईआईटी खड़गपुर में एमएससी रसायन में उच्च स्थान चयन प्राप्त कर कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तनु की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत कस्बे के जवत्री देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से हुई, जहां से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने ट्रांसलम अकैडमी इंटरनेशनल से अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की और एनएएस कॉलेज, मेरठ से स्नातक की पढ़ाई की। तनु ने मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय ने उनके सपने को साकार किया है। रविवार को उनके आवास पर कस्बे के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी।

# विधायक उमर का बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से बेहट विधायक उमर अली खान ने बाढ प्रभावित कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को उचित मदद का आश्वा. सन दिया।

बेहट विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विधायक उमर अली खान ने कई गांवों का दौरा करते हुए डाडल, ख्वासपुर को जाने वाला संपर्क मार्ग भारी बारिश के आने से पूरी तरह टूट गया।

जिसके टूटने से आवागमन पूर्ण रूप से बाधित है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर जल्द से जल्द पुन:निर्माण कार्य चालू करने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करते हुए बेहट विधायक उमर अली खान ने जल्द से जल्द प्रभावित ग्रामीणों की मदद करने और बंद रास्ते खुलवाकर परिचालन सुचारू करने की बात कही।

# प्रियंका बनी रालोद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल नारी शक्ति संगठन की बैठक में श्रीमती प्रियंका सिंह को जनपद की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

दिल्ली रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती परिणीता सिंह का पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रम्मती परिणीता सिंह ने श्रीमती प्रियंका सिंह को जनपद की महिला प्रकोष्ठ की नई जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनयन पत्र सौंपा और उन्हें पार्टी की विधिवत सदस्यता भी दिलाई। इस अवसर पर श्रीमती परिणीता सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लो. कदल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री




जयंत चौधरी के नेतृत्व में महिलाएं बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रही हैं। आज जब पार्टी केंद्र और प्रदेश में सत्ता में भागीदार है, तो सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाकर पार्टी को और मजबूत बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले जिला पंचायत चुनावों में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और पार्टी महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी देने की मांग के साथ मजबूती से आगे बढ़ रही है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी, चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह के समर्थन में जोरदार नारे लगाए, जिससे माहौल में उत्साह और जोश दिखाई दिया। इस दौरान प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह और जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने बताया कि वर्तमान में पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे जोश से चल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें ताकि आगामी पंचायत चुनावों में पार्टी दमदार उपस्थिति दर्ज करा सके। बैठक में चौधरी अर्जुन सिंह, मनोज वर्मा, फैसल त्यागी, अमरीश कुमार, शहजाद मलिक, युवराज सिंह, भूषण चौहान, रेखा धनगर, प्रवीण धनगर, महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अंजुम त्यागी, रेखा देवी, अंजू गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा की मूर्ति थे घनश्याम दास मित्तल: प्रदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** रविवार को सरदार अजीत सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिशु मंदिर के संस्थापक घनश्याम दास मित्तल की मूर्ति का अनावरण किया गया।

मूर्ति का अनावरण राज्य मंत्री जसवंत सैनी वास पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख मान्य अर्पण कर मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि घनश्याम दास मित्तल हमेशा सही समाज सेवा के लिए समर्पित थे उन्होंने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठने के लिए कस्बे में 25 वर्ष पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की थी जो आज एक व्हाट वर्क बनकर खड़ा है। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि



घनश्याम दास मित्तल हमेशा सही गरीबों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे उन्होंने अपनी अमूल्य जमीन में से सरकारी अस्पताल के लिए जमीन दान देकर वहां पर सरकारी अस्पताल अस्पताल की स्थापना कराई।

उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में उन्होंने गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का आह्वान किया था जो आज भी जारी है विद्यालय में करीब 100 से अधिक छात्र छात्राएं निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

इस मौके पर उनकी पत्नी हेमलता मित्तल ने कहा कि घनश्याम दास मित्तल हमेशा सही समाज सेवा के लिए तत्पर रहते थे प्रबंधक गौरव मित्तल अध्यक्ष पवन सैनी वेद भूषण गुप्ता ने भी अपने विचार रखें।

इस मौके पर प्रदुमन मित्तल त्रिलोकचंद रणवीर शास्त्री अखिलेश मित्तल राजीव गुप्ता शिवकुमार वर्मा कृष्ण चंद्र सैनी प्रमोद कौशिक अश्वनी मित्तल चंद्रशेखर मित्तल जगदीश पवार सुधीर मित्तल कुलदीप मित्तल संजय गुप्ता राकेश मित्तल अमित गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में महिला में पुरुष उपस्थित रहे।

## बैठक सम्पन्न

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यालय पर आयोजित की गयी।

बैठक में यूनियन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अशोक कुमार शर्मा को अध्यक्ष, अमीर खान एडवोकेट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निसार सिद्दिकी, सुधीर कुमार एडवोकेट, महीपाल, सिंह, हरिओम सैनी को उपाध्यक्ष, एम.ए.खान को महासचिव, रमेश यादव संगठन सचिव, रमन गुप्ता को विधि सचिव, मौ.इस्लाम, जोगेन्द्र कल्याण सचिव, सुरेश कुमार प्रेस सचिव, मौ.इरफान सचिव, धर्मेन्द्र अनमोल, फहीम थानवी, मौ.आरिश, मौ.नौशाद, सुखपाल सैनी को सदस्य कार्यकारिणी मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रांतीय सचिव नफीस थानवी सह सचिव सतबीर सिंह माणा भी मौजूद रहे।

# शिक्षा इन्सान के लिए जरूरी: अभय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** रविवार को कस्बे के शिव विहार कालोनी में यासीन शिफा मेडिकेयर सेंटर का भाजपा नेता अभय राणा ने फीता काटकर उद्धघाटन किया।

उद्धघाटन के उपरांत उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रो में मरीजों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी जिससे ग्रामीणों को अब दूर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा इंसान के लिए बहुत जरूरी है क्योकि शिक्षा से ही भविष्य उज्वल हो सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान उर्फ शालू कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लिए कस्बे में अच्छी व सस्ती चिकित्सा के लिए मेडिकेयर खुले है। ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी ने कहा कि कस्बे में ऐसे मेडिकेयर खुलने से गरीबो के लिए बेहतर व सस्ता इलाज होगा। अब यहां के लोगों को दूर दराज नही जाना पड़ेगा। इस मौके पर मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, भाजपा युवा नेता मोहित जैन, पूर्व प्रधान बदरुजमा खान, तेजपाल काम्बोज, आजम खान, कामयाब खान, प्रधान मुदस्सिर, मुन्नू खान, सन्नवर खान , मौलाना इमरान, पत्रकार काशिफ खान, डॉ सोहराब, बाबर खान, अफजल खान, डॉ अकरम, तनवेज मलिक आदि मौजूद रहे। मेडिकेयर सेंटर के संचालक डॉक्टर नदीम खान ने आने वाले अतिथियों का फूलमालाओ से स्वागत किया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांवड़ यात्रा के चलते जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।

तीर्थयात्रियों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को रेलवे स्टेशन पर बम व डॉग स्क्वॉड सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की गहनता से जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखते हुए पूछताछ भी की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए स्टेशन परिसर के मालखाने में भी जांच की गई ताकि किसी प्रकार की विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु की समय रहते पहचान की जा सके। चौकिंग के दौरान डॉग स्क्वॉड की भी सहायता



ली गई, जिसने स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में गहनता से सर्च ऑपरेशन किया। प्रशासन के अनुसार यह अभियान सिर्फ रेलवे स्टेशन तक ही सीमित नहीं है।

बस स्टैंड, कांवड़ शिविरों और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्रा समाप्त होने तक यह सुरक्षा अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि किसी भी संभावित खतरे से यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित रखा जा सके।

## अवैध शराब पर नकेल कसने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेक्टर 2 की आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान ने अपने अधिनस्थ कर्मचारी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अंबाला रोड, पुराना शहर, बेहट अड्डा, लिंक रोड, जनता रोड, देहराद. ून रोड सब पर निगरानी रखी जाएगी। कोई भी अवैध शराब और अवैध नशा सामग्री बेचते या सेवन करते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान ने बताया शराब की दुक. ानों में पहले से ही पर्दे डलवा दिए गए हैं जिससे कि कावड़ ले जाने वाले शिव भक्तों पर इन शराब दुकानों की नजर ना पड़े। अगर किसी दुकानदार ने या ठेकेदार ने शराब दुकान के कोई भी नियम के खिलाफ काम किया उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# स्कूलों के मर्ज कराने का जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट के तत्वावधान में आयोजित बैठक में सरकारी स्कूलों के मर्जीकरण एवं लर्निंग बाय डूइंग नीति के माध्यम से शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक व ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल हुए।

देहरादून रोड स्थित संत रविदास छात्रावास में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के संस्थापक रविंद्र कुलवंशी ने कहा कि इसे शिक्षा के भगवाकरण और मजदूरी आधारित प्रणाली की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा किकहा कि यह आंदोलन संविधान और शिक्षा के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चलाया




जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुमति लेकर आंदोलन चलाने की बात भी कही। अभिभावक मंडल सदस्य दीपक जाटव ने सभी अभिभावकों से एकजुट होने की अपील की, जबकि नरेश चंद्रा ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21। का उल्लंघन करार दिया। डॉ. ओमप्रकाश अनार्य ने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए अभिभावकों को संगठित होने का आह्वान किया। कुमारी अंजनी नौटियाल ने छात्राओं से गांव-गांव छात्र पंचायतें आयोजित करने की अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण बालिकाओं की भागीदारी इस संघर्ष को और भी मजबूत बनाएगी। बैठक में अरशद खान, एडवोकेट सुमित बौद्ध, नंदलाल वर्मा, कुमारी खुशी, राजमणि लामा (ग्राम प्रधान), संजय मालिया, पियूष गौतम, हकीम उवैस अली समेत कई गणमान्य वक्ताओं आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रणव कुमार, एडवोकेट शशिकांत, आमिर खान, राजेंद्र कुमार, राहुल मास्टर, बृजेश गौतम, अमन कुमार, सुरेंद्र मास्टर, प्रशांत कुमार, सिंटू, अमित सिंह, निखिल, असजद खान सहित डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट यूनियन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दुनिया में भारत जैसी वन्य सम्पदा कहीं नहीं: विपुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कतर में भारत के राजदूत विपुल बैसले ने कहा कि भारत को ईश्वर ने जो अनुपम प्राकृतिक संपदा दी है, वह किसी भी अन्य देश के पास नहीं है। किंतु आधुनिकता की अंधी दौड़ और भौतिक सुख-सुविधाओं की लालसा में हम स्वयं ही इस अमूल्य धरोहर को नष्ट करने पर आमादा हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान ष्एक पेड़ माँ के नामष् को प्रत्येक नागरिक द्वारा अनौपचारिक रूप से साकार करना आवश्यक है।

राजदूत श्री बैसले रविवार को गिल कॉलोनी स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पोसवाल के आवास पर आयोजित स्नातक इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में भारतीय विदेश सेवा से जुड़ने के बाद उन्होंने कई देशों का भ्रमण किया, परंतु उन्हें यह अनुभव हुआ कि भारत ही वह देश है, जिसकी प्रकृति ही उसकी संस्कृति है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस प्राकृतिक धरोहर को बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राजदूत बैसले ने श्माँ के नाम एक पेड़श् लगाकर अभियान को गति दी। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्ऑपरेशन सिंद. ूरश् के बाद भारत सरकार ने जो सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल विभिन्न देशों में भेजे, उससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति का सकारात्मक संदेश विश्वभर में गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवादियों और उनके अड्डों को समाप्त करने में अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गल्फ देशों में लगभग 80 लाख भारतीय नागरिक कार्यरत हैं, जो वहां पर एकजुट होकर भारतीय संस्कृति और त्योहारों को जीवित रखे हुए हैं। कतर में रहने वाले भारतीय अपने देश पर गर्व महसूस करते हैं और आपसी मेलजोल से जीवन यापन करते हैं। कार्यक्रम में एन्टी करप्शन संगठन के अध्यक्ष गौरव गाबा ने श्री बैसले को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्नातक इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक अशोक पोसवाल एड., अध्यक्ष अमीर खान एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजर हुसैन काजमी एड., व्यापार मंडल के सुरेन्द्र मोहन कालड़ा, आरएसएस के राकेश वीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव जे.एम. गांधी ने किया।

# डा. मिगलानी ने जाना कांवड़ शिविर में शिवभक्तों का स्वास्थ्य हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहरादून रोड पर लगाये गये श्री कैलाश धाम शिव कांवड सेवा शिविर में प्रमुख चिकित्सक डा. संजीव मिगलानी ने कांवडियों के स्वास्थ्य का हाल जानकर उचित परामर्श दिये।

शिविर में पहुंचे डा. संजीव मिगलानी ने शिविर संचाल. कों के साथ सभी कांवडियों से बातचीत की और उनसे यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतों के बारे में पूछा। डा. संजीव मिगलानी ने शिवभक्त कांवडियों को यात्रा सकुशल सम्पन्न करने के लिए स्वस्थ शरीर बनाये रखने के टिप्स दिये। साथ ही उनके लिए सुखमय कांवड यात्रा की कामना भी की।

इस दौरान ललित पोपली, राजीव चानना, कपिल ग्रोवर, संजय अरोडा व रोबिन मोंगा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की इस वर्ष की कांवडियों की सेवार्थ शिविर लगाया गया है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 14 जुलाई 2025

# दुनिया में बढ़ती अशांति

दुनिया के हालात इस समय बेहद डरावने हैं। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान के साथ इजरायल का 12 दिन का युद्ध हो चुका है, लेकिन यह कभी भी भड़क सकता है। शांति की आवाजें बेहद कमजोर दिखाई दे रही हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि चीन ताईवान पर हमला कर सकता है। उत्तर कोरिया के आसपास भी अमेरिका के नेतृत्व में जापान और द. कोरिया सैन्य जमावड़ा कर रहे हैं। इस पर रूस ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि उ. कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाया जाए। रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया को सीधी चेतावनी दी है। रूस के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव इस समय उ. कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

वहीं से उन्होंने चेतावनी दी है। जैसाकि हम जानते हैं कि उ. कोरिया रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में हर संभव सहायता दे रहा है। जहां तक कि अपने सैनिक भी। 11 हजार सैनिक लड़ने के लिए पहले ही रूस भेज चुका है और बताया जा रहा है कि 25 से 30 हजार सैनिक और भेजने की तैयारी चल रही है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी का दावा है कि उ. कोरिया और रूस की रणनीतिक मुद्दों पर एकजैसी सोच है। ऐसा भी कहा जाता है कि रूस और उ. कोरिया के बीच एक डील हो चुकी है। इस डील में कहा गया है कि उ. कोरिया या फिर रूस पर हमला किया तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। ऐसे में दोनों देश मिलकर लड़ेंगे। उधर, अमेरिका ने आस्ट्रेलिया और जापान से बात की है।

इस बातचीत में उनसे पूछा गया है कि अगर चीन पर हमला किया, तो कौन साथ देगा। एक अखबार में छपी रिपोर्ट में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने नीति उपसचिव एलब्रिज कालबी के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से बात हुई है। इस बातचीत में उन्होंने जापान और आस्ट्रेलिया से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कहा है। हालांकि आस्ट्रेलिया ने साफ किया कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताईवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे काल्पनिक हालातों पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं जापान की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। चीन-ताईवान के बीच झगड़ा दशकों पुराना है। 1949 में ताईवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। इसी के चलते दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी है और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनी तिक चिंता का विषय बन गया है। इन तमाम बातों से साफ हो जाता है कि कई देशों के बीच युद्ध जारी है और यह थमने का नाम नहीं ले रहा। इनके अतिरिक्त और अन्य देशों में भी संघर्ष छिड़ने के हालात पैदा हो रहे हैं। जाहिर है कि पूरी दुनिया के लिए स्थिति ठीक नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जिन बड़े देशों पर विश्व में शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी है वही युद्धों में उलझे हुए दिखाई दे रहे हैं।

## भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक



देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है, केंद्र सरकार को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए, ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है, देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने के लिए सरकारों को आगे आना चाहिए, इससे जनता का विश्वास डगमगाता है, सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# फलक को छूने की ख्वाहिश

# वेव्स ओटीटी



**प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है।**



**पवन सिंह**

**फलक को छूने की ख्वाहिश हजार दिल में लिए कि सरगिरां है हमारी उड़ान भी हम भी...**

नबील अहमद नबील साहेब का यह शेर है जो दूरदर्शन की नई अंगड़ाईयों पर मौजू है। दूरदर्शन अब अपनी परंपरागत छवि को बरकरार रखते हुए एक नई लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है। दूरदर्शन जिस तरह के विविधतापूर्ण कंटेंट्स को लेकर वेव्स के जरिए इंटरटेनमेंट के विशालकाय समर में उतरा है। उसने तमाम ओटीटी प्लेटफार्मों में खलबली मचा दी है।

वेव्स ओटीटी ने बेहतरीन कंटेंट्स के साथ मनोरंजन के क्षेत्र में एक ऐसी प्रतिस्पर्धा का बिगुल फूंक दिया है कि आने वाले एक साल के भीतर अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों को भी यह सोचना पड़ेगा कि केवल गालियां, हिंसा, बलात्कार, सेक्स ही ओटीटी का मूल विषय नहीं हो सकता, बल्कि तमाम ऐसे सब्जेक्ट हैं जिन्हें न तो छिपकर देखने की जरूरत है और न कान में लीड लगाकर।

बदलाव की इस आहट से दिल्ली में मंडी हाउस के आसपास फैला सन्नाटा अब टूटने लगा है। एक बार फिर से मंडी हाउस के बाहर निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों की आवा-जाही शुरू हो गई है। मंडी हाउस एक बार फिर से 1984 और 1996 के उस वक्त की याद दिलाने लगा है जब यहां पैर रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। धारावाहिक हम लोग जो कि 7 जुलाई, 1984 को और बुनियाद जो कि 1986 में प्रसारित हुए थे, ने मंडी हाउस को स्टोरी राइटरों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिहाज से किसी धार्मिक स्थल के रूप में बदल दिया था।

प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है। दरकते और दहकते हुए सामाजिक ढांचे को फिर से मजबूत करने की दशा व दिशा के साथ वेव्स ओटीटी की एक नई परिभाषा गढ़ना चाहता है। वेव्स भी मोहब्बत की कहानियां ओटीटी पर उतारना चाहता है, लेकिन नजाकत और नफासत के साथ। वेव्स ओटीटी की पहचान बन चुके गालियों और सेक्स व अश्लीलता से बजबजाए हुए आइटम सॉन्ग से इतर नए कंटेंट लेकर आ रहा है। कुछ अतीत कुछ वर्तमान और कुछ भविष्य के कथानकों को समेटकर वेब्स ओटीटी, यह मानक गढ़ना चाहता है कि चोली के पीछे क्या है से इतर कुछ ऐसा गढ़ा-बुना-रचा जाए जो बेटा अपने पिता के साथ और दादा, पोते के साथ देख सके।

इसके अलावा वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म की सबसे बड़ी ताकत है मुफ्त में मनोरंजन प्रदान करना, जिसमें फिल्में, वेब सीरीज, टीवी शो और लाइव टीवी चैनल सब कुछ शामिल है। भारत में करीब 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं। भारत में डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, ऑल्ट बालाजी, जियो सिनेमा, जी-5, सोनी लिव जैसे कई पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और इन सभी प्लेटफॉर्म्स के अलग-अलग प्लान्स हैं, जबकि वेव्स ओटीटी का कोई प्लान नहीं है, वह मुफ्त है। ये सारे प्लेटफार्म जहां बोल्ड कंटेंट्स के साथ-साथ, अपराध और भ्रष्टाचार पर जबर्दस्त हमलावर हैं और युवाओं के बीच इसीलिए जगह बना चुके हैं ऐसे में वेव्स ओटीटी इस लड़ाई को कैसे लड़ेगा, यह देखने की बात होगी।

मुंबई के एक प्रसिद्ध धारावाहिक निर्माता-निर्देशक का कहना है वेव्स के पास खुला आसमान है। वो आसानी से महिलाओं, अधेड़ उम्र व बुजुर्ग दर्शकों को अपने कंटेंट के साथ जोड़ सकता है। उसे मेहनत करनी है युवाओं को जोड़ने की। इसके लिए बेहतर होगा कि व्यवस्था पर हास्य-व्यंग्य के जरिए हमलावर हों। जैसे फिर से आफिस-आफिस जैसा धारावाहिक नए रूप में लिया गया है। दूरदर्शन ने अपने दौर में तमाम ऐसे कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को मौका दिया जो आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्रीज में छा गए। कुछ नाम मुझे याद आते हैं म्यूजिक-मस्ती और धूम के जरिए नोमान मलिक ने अन्नू कपूर को मौका दिया। सागर सरहदी ने 1977 में यह इश्क नहीं आसां बनाया और फिर फिल्में कभी कभी, सिल.सिला, चांदनी, बाजार, दीवाना, कहो ना प्यार है, जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी और बाजार फिल्म का निर्देशन भी किया। फौजी धारावाहिक से शाहरुख खान और कच्ची धूप से भाग्य- का भाग्योदय हुआ। रामानंद सागर, अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लाहिरी, बाल कलाकार मयूरेश क्षत्रपति, सुधीर दलवी, और विजयकान्त की पहचान दूरदर्शन से बनी। इसके अलावा मोहन गोखले मिस्टर योगी और भारत एक खोज जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। जसपाल भट्टी फ्लॉप शो जैसे धारावाहिकों के माध्यम से हास्य कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। पंकज कपूर कर्मचक्र और ऑफिस ऑफिस जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। शबाना आजमी कथा सागर और अधूरा आदमी जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। कहानीकारों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिए वेव्स अब एक नई उम्मीद लेकर आया है। सूत्रों के अनुसार वेव्स अब मेगा धारावाहिक लेकर आ रहा है जिसमें फिल्मी दुनियां के बड़े चेहरे शामिल हो रहे हैं, जो एक उम्मीद जगाते हैं कि वेव्स ओटीटी, ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपनी एक बड़ी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। फहीम जोगापुरी साहेब का एक शेर है-

'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से
वो और थे जो हार गए आसमान से'

# प्रकृति संरक्षण के लिए चाहिए पुरुषार्थ



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

प्रकृति हमें देती है जीवन, अपनापन हम भी अपनाएं। विलुप्त हो रहे जलस्त्रोतों को, फिर जीवित कर पुण्य कमाएं। एक वृक्ष प्रति वर्ष लगाकर, पर्यावरण को स्वस्थ बनाएं। संरक्षित हो प्रकृति हमारी, मन में ऐसे भाव जगाएं। सभी कष्ट से मिलेगी मुक्ति, प्रकृति- प्रेम को हम अपनाएं। मेरी स्वरचित यह पंक्तियां प्रकृति संरक्षण का अक्षरश: सार्थक संदेश देती है क्योंकि प्रकृति के प्रति आत्मीयता का भाव हमारी संस्कृति है।

आत्मीय भाव के कारण ही हमने पृथ्वी को मां कहकर पुकारा-माता भूमि, पुत्रोहम् पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी मां है और मैं उसका पुत्र हूं। नदियों को मां, पहाड़ों को देवता और पेड़-पौधों को पूज्य मानकर उनकी पूजा की क्योंकि हम योग संस्कृति के उपासक हैं। योग संस्कृति आत्मवत् सर्वभूतेषु की भावना में विश्वास करती है जिससे सर्वे भवन्तु सुखिन: का उद्घोष प्रस्फुटित होता है। योग संस्कृति में आत्मीयता का भाव है और यह सभी के संरक्षण में विश्वास करती है और संतुलन और समन्वय पर बल देने के साथ ही परमार्थवादी है, इसलिए हम प्रकृति से उतना ही लेते हैं जितनी हमारी आवश्यकता होती है किन्तु आज हम पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति का अनुगमन कर रहे हैं जिसमें स्वार्थपरता और अर्थ का विशेष महत्व है। यह सुविधाभोगी संस्कृति है जो शोषण, दोहन व अत्याचार पर आधारित हैं। फलत: हमने स्वार्थपरता की भावना और धन की अत्यधिक लालसा के कारण पेड़-पौधों के अंधाधुंध कटान के साथ भूमि, नदियों और पहाड़ों की मिट्टी, रेत, बजरी, खनिज और पत्थरों की प्राप्ति हेतु अतिशय उत्खनन कर रहे हैं जिसके कारण प्रकृति कुपित होकर अनेक प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है और मानव-समाज त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है किन्तु यह सोचने का कष्ट नहीं कर रहा है कि प्राकृतिक आपदाएं हमारे दुष्कर्मों का परिणाम है। प्रकृति भी मानव की तरह संवेदनशील है और आप जैसा उसके साथ व्यवहार करेंगे, वैसा ही प्रत्युत्तर आपको प्राप्त होगा। प्रकृति के पंच महाभूत-धरती,जल, वायु, अग्नि,आकाश से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा संवेदनशील, संतुलित व समन्वयकारी व्यवहार ही प्रकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा कर सकता है, किन्तु प्रकृति के प्रति हमारा असंवेदनशील और असंतुलित व्यवहार प्राकृतिक आपदाओं और गम्भीर बीमारियों के आमंत्रण का कारण है। हमारी स्थिति उस व्यक्ति की है जो जिस डाल पर बैठा हैं, उसे ही काटकर मृत्युजन्य परिस्थितियों को आमंत्रण दे रहा हैं। प्रकृति संरक्षण हेतु शासन, प्रशासन और जनता तीनों को मिलकर काम करना होगा। केवल शासन-प्रशासन के भरोसे हाथ पर हाथ रखकर बैठने से काम नहीं चलेगा, क्योंकि शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रशासन अमलीजामा पहनाने हेतु कृत संकल्पित है किन्तु उसमें जनता जनार्दन की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है क्योंकि यह सब उसी के लिए ही किया जा रहा है। आज जब मैं प्राकृतिक दृष्टि से जनपद रामपुर के अपने कस्बे मिलक को देखता हूं तो महसूस करता हूं कि आज से 40 वर्ष पहले हमारे आसपास 5-6 बड़े तालाब, कई कुएं और कल-कल बहती नाहल नदी थी और जब हम 1970-72 में इण्टर कालेज में पढ़ने मीरगंज जाते थे तो वृक्ष- आच्छादित नेशनल हाईवे था जो हरियाली, छाया देने के साथ अनेक पशु-पक्षियों का आश्रय स्थल था किन्तु विकास की अंधी दौड़ में तालाब, नदियां, कुएं मानव कुचेष्टाओं के कारण अतिक्रमण के शिकार हो गए और विकास हेतु वृक्षों का तेजी से कटान हो गया। उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्र के भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है और भविष्य में स्वच्छ जल की किल्लत पैदा हो सकती है। आज हम बोतल का पानी पीने को विवश हैं और वह दिन दूर नहीं है कि हमारी आने वाली संतति इंजेक्शन या कैप्सूल के माध्यम से पीने के पानी की पूर्ति करें या अंतरिक्ष यात्रियों की भांति अपनी पेशाब और अपने पसीने को पुन: चक्रण कर जल पीने को मजबूर हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति को हानि पहुंचाने वाले प्रभावों अर्थात प्रदूषण को कम करना आवश्यकता है।इस हेतु हमें अपने पारितंत्र के जैविक घटक-पौधे, पशु-पक्षी और सूक्ष्म जीव के साथ अजैविक घटक-मिट्टी, पानी और जलवायु के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। वन, तालाब, झील, समुद्र आदि पारितंत्र के अनुपम उदाहरण हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर तथा 2025 में 37 करोड़ पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। इस नीति का अनुपालन करते हुए रामपुर जनपद के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने में संलग्न है। जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु मिलक क्षेत्र में गंगापुर कदीम से निस्बी तक प्रवाहित होने वाली 51 किमी की नाहल नदी,स्वार क्षेत्र की ऊधम. सिंहनगर से स्वार होते हुए बिलासपुर के घूंघा नदी में मिलने वाली नईया नदी, शाहबाद क्षेत्र में मुरादाबाद -संभल होकर शाहबाद में प्रवाहित होकर बदायूं तक जाने वाली अरिल नदी के साथ चमरौआ क्षेत्र की नील और रेवती नदियों को पुनर्जीवित करने में आपका प्रयास सराहनीय है। मिलक के पजावा में 1400 मीटर लंबी 85,000 वर्ग मीटर में फैली झील को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया गया है जो जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# अमेरिकी साम्राज्य के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं खामेनेई




**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों खासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर लगाए गए। भारत में इस तरह के पोस्टर प्राय: नगर से लेकर लखनऊ, उन्नाव, बिजनौर, भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाए गए। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया।

भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह खामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहां तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर हाथों में लिए देखे गए। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने जरूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई पिछले दिनों ईरान, इजरायल के मध्य हुए 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के



रूप में स्थापित हुए हैं। इस युद्ध में इजरायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में करीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमरष के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी कतर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दागी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है।

बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमे. रिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किए बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह खामेनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाए गए थे। वह भी आयतुल्लाह खामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजई होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नजर में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमकद प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं। गांधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की गरज से प्रयोग किए जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहां क्यों? भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र का विरोध करना जरूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र से नफरत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह गजा में लगभग अस्सी हजार बेगुनाहों के हत्यारे इजराईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने 21 नवम्बर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने, क्षेत्र में भुखमरी फैलाने , हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच गजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिए गए हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इजाफा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अत: 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी, निडर व अमे. रिका के बजाय केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फकीर का विरोध करना चिंता. जनक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन से निपटने के लिए ट्रम्प ने मांगी चौतरफा राय, सारे खामोश

## अमेरिका के सवाल पर जापान खामोश, ऑस्ट्रेलिया ने कहाः काल्पनिक सवालों का जवाब नहीं



- ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है
- 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है
- आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन के साथ संभावित युद्ध की स्थिति में सहयोगी देशों का रुख जानने के लिए आस्ट्रेलिया और जापान से बातचीत की है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) में नीति उप-सचिव एल्ब्रिज काल्बी ने हाल ही में आस्ट्रेलियाई और जापानी रक्षा अधिकारियों से इस मुद्दे पर कई अहम बैठकें की हैं।

अमेरिकी अधिकारी काल्बी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से कह रहा है कि वे अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएं और साझा सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी लें, लेकिन आस्ट्रेलिया ने साफ कहा है कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताइवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे 'काल्पनिक हालातों' पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं, जापान की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है। इसी बिंदु पर दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी हुई है, और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनीतिक चिंता का विषय बन गया है। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने आस्ट्रेलियाई ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आस्ट्रेलियाई सैनिकों को किसी संघर्ष में भेजने का फैसला उस समय की सरकार करेगी। हम अभी से कोई फैसला नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया अपनी संप्रभुता को सबसे ज्यादा महत्व देता है और काल्पनिक परिस्थितियों पर चर्चा नहीं करता। वही, कानरोय ने चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चीन प्रशांत द्वीप में मिलिट्री बेस बनाने की कोशिश कर रहा है, जो आस्ट्रेलिया के लिए ठीक नहीं है। आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शनिवार को चीन की 6 दिन की आधिकारिक यात्रा पर गए। जहां क्षेत्रीय सुरक्षा और ट्रेड को बढ़ाने के प्रयासों पर बातचीत होने की उम्मीद है। अल्बानीज ने शंघाई में कहा कि आस्ट्रेलिया ताइवान पर कोई बात नहीं करेगा। उनकी यात्रा सिर्फ सुरक्षा और व्यापार पर ही केंद्रित होगी। चीन लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और जबरदस्ती नियंत्रण में लाने की धमकी देता रहा है। चीन कई बार ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार को अलगाववादी करार दे चुका है। हांलाकि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने ताइवान की शांति और संप्रभुता को खतरे में डालने के लिए चीन की आलोचना की है। हालांकि अमेरिका ताइवान को लेकर रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपनाता है, जिसका मतलब है कि वह ताइवान की रक्षा की गारंटी नहीं देता। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने फिर से अस्पष्ट बयानों का रुख अपनाया है।



मुंबई। आरे वन क्षेत्र में मेट्रो कार शेड परियोजना के निर्माण के खिलाफ 150वें 'आरे वन बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने पर बातचीतः नोएम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं। सुनोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 39 वर्ग मील (100 वर्ग किमी) में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था। यह केंद्र अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के लिए वर्तमान अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने समर्थकों से एपस्टीन जांच को लेकर अटॉर्नी जनरल पर हमला बंद करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि वे आरोपी यौन तस्कर जेफरी एपस्टीन से संबंधित न्याय विभाग के हालिया निष्कर्षों को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी पर हमला करना बंद करें। ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि मेरे 'लड़कों और कुछ मामलों में 'लड़कियों' के साथ क्या हो रहा है? वे सभी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के पीछे पड़े हैं जो शानदार काम कर रही हैं! हम एक ही टीम हैं, और जो हो रहा है वह मुझे पसंद नहीं है। उन्होंने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि वे जेफरी एपस्टीन पर समय और ऊर्जा बर्बाद न करें क्योंकि किसी को भी इसकी परवाह नहीं है।

### उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लाव. रोव से मुलाकात की है,जो प्योंगयांग में दूसरी रणनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। यह जानकारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, कोरिया के शीर्ष नेता और लावरोव के बीच शनिवार को वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने जून 2024 की ऐतिहासिक शिखर वार्ता में किए गए समझौतों को ईमानदारी पूर्वक लागू करने के लिए देशों के नेतृत्व के विचारों का व्यापक रूप से आदान-प्रदान किया।

### मेक्सिको ने नए अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने अमेरिका द्वारा घोषित नए टैरिफ को अनुचित करार दिया और दोनों पक्षों ने एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह के माध्यम से औपचारिक वार्ता शुरू की है। यह जानकारी मेक्सिको सरकार ने हवाले से शिन्हुआ ने रविवार को दी। विद. ेश मंत्रालय और अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी अधिकारियों के बीच शुक्रवार को वाशिंगटन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

# 27 दिन बाद हुआ खुलासाः हमले में घायल हुए थे ईरानी राष्ट्रपति

## सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग के दौरान इजरायली सेना ने 16 जून को छह मिसाइलें दागी



- मसूद हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजरायल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था।

उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम- हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिक. ारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे। ईरान के राष्ट्रपति ने 7 जुलाई को अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजरायल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजरायली मिसा. इलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए एक इमरजेंसी गेट की मदद से राष्ट्रपति और बाकी बड़े अधिकारी बाहर निकलने में सफल रहे। भागने के दौरान राष्ट्रपति पजशकियान के पांव में चोट लग गई थी। वहीं, दूसरे अधिकारियों को भी हल्की चोटें आईं। कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा।

# नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं

- रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को दी चेतावनी

**प्योंगयांग।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी है कि वे नार्थ कोरिया को निशाना बनाकर कोई सिक्योरिटी अलायंस या सैन्य गठबंधन न बनाएं। लावरोव नार्थ कोरिया के शहर वानसान में थे। इस दौरान वे नार्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिले।

इसके अलावा उन्होंने नार्थ कोरिया की विदेश मंत्री चोई सोन भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लावरोव ने पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान नार्थ कोरिया के चारों तरफ सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा हम चेता. वनी देते हैं कि इन रिश्तों का इस्तेमाल किसी के खिलाफ गठबंधन बनाने में न किया जाए, चाहे वो नार्थ कोरिया हो या रूस। लावरोव ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में मिलकर काम करने की बात कही। पिछले कुछ वर्षों में रूस और नार्थ कोरिया के रिश्ते काफी गहरे हुए हैं। लावरोव तीन दिन की यात्रा पर शुक्रवार को नार्थ कोरिया पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने अपने नार्थ कोरियाई समकक्ष चोई सोन हुई से मुलाकात की। लावरोव ने कहा कि रूस समझता है कि नार्थ कोरिया क्यों परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा नार्थ कोरिया की तकनीक उसके वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है। हम उनकी महत्वाकांक्षाओं का सम्मान करते हैं। रूसी एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक लावरा. ेव ने यूक्रेन जंग की स्थिति को लेकर भी कोरियाई नेताओं से बात की।

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को हमेशा तैयारः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करने के लिए हमेशा से तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा। अराघची ने विदेशी राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में शनिवार को कहा कि हालांकि, स्वाभाविक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर वार्ता पुनः शुरू होती है तो इससे अमेरिका या अन्य पक्षों द्वारा युद्ध छेड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। ईरानी छात्र समाचार एजेंसी ने अराघची के हवाले से कहा कि हाल ही में इजरायल-ईरान के बीच हुए टकराव ने यह साबित कर दिया है कि कूटनीति और बातचीत तथा सहमति से समाधान निकालने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमला करने में इजरायल की सहायता करके तथा उसके बाद ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को सीधे निशाना बनाकर अमेरिका ने कूटनीति और वार्ता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका वार्ता को पुनः शुरू करना चाहता है तो उसे यह गारंटी देनी होगी कि वही स्थिति फिर से सामने नहीं आएगी।

# इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या



- ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सुत्रों के हवाले से रविवार को दी। ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में, जीवित बचे लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने मानव बूचड़खाने और मौत के जाल के रूप में निंदा की है।

गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5000 अन्य घायल हुए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इज़राइली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में दो आवासीय भवनों पर भी हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में शाती शरणार्थी शिविर पर इज़राइली हमलों में सात और लोग मारे गए। इज़रायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हनून पर भी हमला किया और शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए। ये नए हमले तब हुए जब इज़राइली सेना ने घोषणा किया कि उसके बलों ने पिछले 48 घंटों में गाजा पर 250 बार हमला किया है। मानवाधिकार समूहों की चेतावनियों के बावजूद, इज़रायली सेना ने गाजा में खाद्य और अन्य मानवीय आपूर्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-ः प्रवेश हेतु सम्पर्क करे ः-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

## पीटीआई पार्टी नेताओं ने लाहौर में बैठक की



- पांच अगस्त तक प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा

**लाहौर।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी के शीर्ष नेता लाहौर पहुंचे, जहां से यह आंदोलन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने इसे आंदोलन की आधिकारिक शुरुआत बताया और कहा कि 5 अगस्त तक यह प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा। पीटीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान, केपी के सीएम गांदापुर, और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भचर लाहौर पहुंचे। इससे पहले इस्लामाबाद में पार्टी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पंजाब विधानसभा से निलंबित 26 विधायकों की स्थिति और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। सीएम गांदापुर ने कहा कि देश पर लंबे समय से सेना का राज रहा है और अब वह गैर-आधिकारिक मार्शल ला चला रही है।

उन्होंने कहा कि इमरान खान को बिना किसी वैध वजह के जेल में रखा गया है। गांदापुर ने सभी प्रांतों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रदर्शन तेज करने की मांग की। गांदापुर ने कहा कि हर सफल आंदोलन लाहौर से ही शुरू होता है, यह भी देशव्यापी स्तर पर सफल होगा। प्रदर्शन से पहले ही पंजाब पुलिस ने शाहदरा मोड़ और अन्य इलाकों में पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापे मारे और 5 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।

## ब्रिटेन में पले बढ़े इमरान के बेटों की वतन वापसी की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बेटे सुलेमान व कासिम की पाकिस्तान वापसी और राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन में रहने वाले दोनों बेटे अब तक राजनीति से दूर थे, लेकिन इमरान की लगातार बिगड़ती स्थिति और पीटीआई में नेतृत्व संकट ने खान परिवार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। सुलेमान (29) व कासिम (26) इमरान खान और जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटे हैं तथा जन्म से ही ब्रिटिश नागरिक हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
निःशुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्लीः अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011 45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट